फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 25, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 20 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी फिर टीम इंडिया के नाम

## दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया, जडेजा ने मैच में लिए 10 विकेट

**नई दिल्ली: टीम इंडि**या ने लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। भारत ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हरा कर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इसके साथ ही सीरीज पर भारत का कब्जा बरकरार रहना तय हो गया। रवींद्र जडेजा भारत की इस जीत के हीरो रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 42 रन देकर 7 विकेट लिए। यह जडेजा का टेस्ट में बेस्ट परफॉर्मेंस है। इससे कंगारू टीम सिर्फ 113 रन के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में एक रन की बढ़त मिली थी, इसलिए भारत को जीत के लिए 115 रन का टारगेट मिला, जिसे हमारी टीम ने 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। चेतेश्वर पुजारा और कप्तान रोहित शर्मा ने 31-31 रन बनाए। विराट कोहली ने 20 रन की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 263 और भारत ने 262 रन बनाए थे।

अभी दो टेस्ट बाकी, फिर ट्रॉफी भारत के नाम कैसे

इस सीरीज में अभी दो टेस्ट मैच बाकी हैं और ऑस्ट्रेलिया इन दोनों को जीतकर 2-2 की बराबरी कर सकता है। ऐसे में आप पूछ सकते हैं कि दो मैच जीतने पर ही ट्रॉफी भारत के नाम कैसे हो गई। इसका जवाब यह है कि पिछली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी भारत ने जीती थी। दो टीमों के बीच टेस्ट सीरीज जब किसी ट्रॉफी के लिए होती है, तो सीरीज के ड्रॉ होने की स्थिति में भी ट्रॉफी उसी टीम को मिलती है, जिसने पिछली बार उस पर कब्जा जमाया हो। एशेज में भी ऐसा ही होता है। हालांकि टीम इंडिया जिस तरह का खेल दिखा रही है उससे इस बात के भी पूरे आसार हैं कि वह इस सीरीज में 4-0 से क्लीन स्वीप भी कर सकती है।




**जीत के 3 हीरो: रवींद्र जडेजा** - पहली पारी में जडेजा ने 3 विकेट लेने के साथ 26 रन बनाए और कोहली के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी की। दूसरी पारी में 7 कंगारू बैटर्स को पवेलियन भेज ऑस्ट्रेलियन टीम को जल्दी ऑलआउट करने में भी अहम योगदान दिया।

**अक्षर पटेल** - पहली पारी में टीम इंडिया ने 139 रन पर ही 7 विकेट गंवा दिए थे। तब अक्षर पटेल ने रविचंद्रन अश्विन के साथ 114 रन की पार्टनरशिप की। फिर निचले क्रम के बैटर्स के साथ मिलकर अहम रन जोड़े और टीम को 262 रन तक पहुंचाया। उन्होंने पहली पारी में 74 रन बनाए थे।

**रविचंद्रन अश्विन** - ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 3 विकेट लेने के बाद अश्विन ने बैट से 37 रन भी बनाए। अक्षर के साथ शतकीय साझेदारी की, फिर दूसरी पारी में ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ और मैट रेन्शॉ के अहम विकेट भी निकाले।

दूसरी पारी में ऐसे गिरे भारत के विकेट

**भारत ने अपनी पहली पारी में बनाए 262 रन, अक्षर पटेल ने लगाया अर्धशतक:** इससे पहले भारतीय टीम अपनी पहली पारी में 262 रनों पर ऑल आउट हो गई। भारत के लिए अक्षर पटेल ने 74 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली।

### क्या हो गया नीतीश बाबू!, बिहार नहीं संभल रहा, चले हैं देश जोड़ने' बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद का सीएम पर तंज

# मिशन 2024: पक्ष-विपक्ष में जुबानी जंग तेज

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार साल 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों को एकजुट कर भाजपा को सत्ता से हटाने का आवाह्न कर चुके हैं। उनकी इस कवायद की झलक शनिवार को भाकपा माले के 11वें महाधिवेशन में भी देखने को मिला। यहां उन्होंने राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष इकट्ठा हो जाए तो 2024 के चुनाव में भाजपा 100 सीटों पर सिमट जाएगी। भाजपा के खिलाफ नीतीश कुमार के देशव्यापी मोर्चे को लेकर भाजपा के नेताओं में खलबली मच गई है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने नीतीश कुमार पर पलटवार करते हुए कहा है कि नीतीश कुमार की अपनी पार्टी में कोहराम मचा है। उनसे बिहार नहीं संभल रहा है और देश को संभालने की बात करते हैं।



रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत दुनिया की बड़ी ताकत बना है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को क्या हो गया है? वह बिहार को नहीं संभाल पा रहे हैं, राज्य संकट में है। उनकी पार्टी में कोहराम मच गया है। चले हैं देश को जोड़ने में।

**सपने देखने में कोई बुराई नहीं:** रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नीतीश कुमार को कोई लिफ्ट नहीं दे रही है। यही हाल रहा तो नीतीश जी देवेगौड़ा और इंदर कुमार गुजराल (पूर्व पीएम) बन जाएंगे और पांच-छह महीने से ज्यादा नहीं चल पाएंगे। भाजपा सांसद ने कहा कि नीतीश कुमार सपना देख रहे हैं। सपना देखने में कोई बुराई नहीं है।

**'कांग्रेस भाव नहीं दे रही, लालू के चक्कर में फंसे'**

प्रसाद ने कहा- उन्होंने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार को क्या हो गया है? वे बिहार को संभालने में सक्षम नहीं हैं। राज्य संकट में है।

# लद्दाख में लोगों का जीवन बना रहे आसान: मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार लद्दाख के लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने लद्दाख के सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल के टैग करते हुए एक ट्वीट भी शेयर किया है। दरअसल, केन्द्र सरकार ने शिंकुन ला सुरंग बनाने की मंजूरी दे दी है, जिससे वहां के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलने वाला है।

**आसान जीवन बनाने के लिए सभी प्रयास:** केंद्र सरकार ने लद्दाख को सभी मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 2025 तक पूरी होने वाली 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकुन ला सुरंग के निर्माण के लिए 1681.51 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसको लेकर केंद्र शासित प्रदेश के लोकसभा सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल ने कहा, "लद्दाख के सबसे पिछड़े क्षेत्र जांस्कर की लुंगनाक घाटी के निवासियों ने इस फैसले के लिए मोदी जी का स्वागत और धन्यवाद किया।

" उनके ट्वीट को टैग करते हुए मोदी ने ट्वीट किया, "हम लद्दाख के लोगों के लिए जीवन को आसान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।"



# 'सच खरीदने वालों का फैसला जनता करेगी'

## चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

**मुंबई:** चुनाव आयोग ने शनिवार को शिवसेना पार्टी के नाम और चिन्ह धनुष-बाण पर एकनाथ शिंदे के दावे को मंजूरी दे दी थी। अब उद्धव ठाकरे चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। ठाकरे ने रविवार को अपने घर मातोश्री में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है। शिंदे गुट भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट यानी विरोध पत्र दाखिल करेगा। यानी चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी जाएगी तो शिंदे गुट को सुने बिना कोर्ट फैसला नहीं देगी। इन सबके बीच ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने कहा है कि शिवसेना से उसका नाम और निशान छीनने के लिए 2000 करोड़ का लेन-देन हुआ है।



**सच खरीदने वालों का फैसला जनता करेगी:** संजय राउत ने चुनाव आयोग के फैसले को सौदेबाजी बताया। कहा, "अमित शाह क्या बोलते हैं, उस पर महाराष्ट्र के लोग ध्यान नहीं देते। जो सत्य को खरीदने का काम करते हैं वो झूठ और सच की क्या बात कर रहे हैं। इसका निर्णय जनता समय आने पर करेगी। शिवसेना किसकी थी और किसकी होगी ये फैसला महाराष्ट्र के लोग लेंगे।"

**ये लोग सांसद खरीदने के लिए 100 करोड़ खर्च कर सकते हैं:** संजय ने कहा- शिवसेना और उसका निशान तीर-कमान छीना गया है और ऐसा करने के लिए तक 2 हजार करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है। मैं इस दावे पर कायम हूं।

# सबकी समस्या का हल सरकार की प्राथमिकता : सीएम योगी

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में 300 लोगों से मुलाकात की। समस्याएं सुनीं और सबकी समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सबके साथ न्याय होगा। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को सीएम ने इत्मीनान से सुना। प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को थमाते रहे और समयबद्ध तरीके से निस्तारण का आदेश देते रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि चिंता करने या परेशान होने की जरूरत नहीं है। इधर, जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर शासन को भेजने का अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही, आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा।



# भाजपा की जीत का रोडमैप तैयार करेंगे नड्डा और शाह



**सहारनपुर: लोकसभा** का चुनाव 2024 में है। इसको लेकर भाजपा ने अभी से तैयारियां करना शुरू कर दिया है। चुनाव की कमान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संभाल ली है। वे 28 फरवरी को अमरोहा और सहारनपुर आ रहे हैं। पश्चिम की हारी हुई सीटों पर जीत की रणनीति तैयार करेंगे।

**रिपोर्ट को तैयार कर प्रदेश कार्यालय को भेजेंगे:** भाजपा ने मिशन 2024 में विस्तारकों को भी उतारने जा रही है। विस्तारक विधानसभा क्षेत्रों में रहकर जमीनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। रिपोर्ट को तैयार कर प्रदेश कार्यालय को भेजेंगे। बूथ स्तर तक सामाजिक और जातीय समीकरण देखने, प्रभावशाली लोगों की सूची बनाने के साथ भाजपा संगठन की गतिविधियों की रिपोर्ट भी बनाएंगे। विस्तारण बूथ स्तर और पन्ना समितियों द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं, वह गंभीरता से कर रहे हैं या नहीं। इसकी भी रिपोर्ट आलाकमान को सौपेंगे। विस्तारकों को इसकी ट्रेनिंग भी पटना में शुरू हो चुकी है।

**तैयारियों में जुटा प्रशासन:** दरअसल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आने की खबर के बाद ही जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। महानगर के कई ग्राउंड और सरकारी स्कूलों को भी रिजर्व कर लिया गया है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, दोनों की सुरक्षा के लिए काफी तैयारियां की जा रही है। दो दिन पहले ही सुरक्षा एजेंसी सहारनपुर पहुंच जाएगी। हालांकि अभी तक यह निश्चित नहीं हो पाया है।

# हम सब हिंदू हैं, एक ऐसे समाज का करना है निर्माण: भागवत

**बरेली:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन कार्यकर्ता परिवार मिलन को संबोधित किया। उन्होंने पत्नी व बच्चों संग पहुंचे संघ के कार्यकर्ताओं को आपसी भेदभाव खत्म कर एकजुट होकर सामाजिक समरसता बढ़ाने का मंत्र दिया। संबोधन में शामिल होकर निकले कार्यकर्ताओं के अनुसार संघ प्रमुख ने जात-पात का भेदभाव छोड़ने को कहा। कहा हम सब हिंदू हैं। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जिसमें कोई जातियां न हों। जो दूसरी जातियां व अलग-अलग धर्म अपनाए हैं उनके पूर्वज भी हिंदू थे। पूजा पद्दति अलग-अलग हो सकती है लेकिन जातियां सब एक ही हैं। समय के साथ थोड़ा परिवर्तन हुआ है। हम सभी को राष्ट्र प्रथम के भाव से आगे बढ़ना है।



# एक बिलियन अमेरिकी डालर हो जैविक वस्तुओं का निर्यात: गोयल

**गंगटोक:** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य के जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सिक्किम में एक उच्च गुणवत्ता वाली आधुनिक जैविक परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने का फैसला किया है। उन्होंने आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए राज्य में मौजूदा बुनियादी ढांचे का उपयोग करने पर भी जोर दिया।

**एक बिलियन अमेरिकी डालर हो जैविक वस्तुओं का निर्यात:** केंद्रीय मंत्री ने सिक्किम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्यों के साथ एक इंटरैक्टिव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "हमें 2030 तक जैविक वस्तुओं के निर्यात को वर्तमान 1 मिलियन अमेरिकी डालर से 1 बिलियन अमेरिकी डालर तक ले जाने का प्रयास करना चाहिए। मुझे 100 प्रतिशत यकीन है कि यह प्राप्त करने योग्य है। हम यहां केंद्र की ओर से गुणवत्ता आधारित जैविक परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करेंगे।"



**सिक्किम में जैविक राज्य बनने की क्षमता:** गोयल ने कहा कि सिक्किम में एक स्थायी और जैविक राज्य बनने की क्षमता है, और कहा कि इस तरह के मील के पत्थर तक पहुंचने से राज्य को अपनी पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देने और उसका लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

**डिजाइन और पैकेजिंग सुविधाओं पर काम करने का आह्वान:** केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय युवाओं से डिजाइन और पैकेजिंग सुविधाओं पर भी काम करने का आह्वान किया।

# क्या कांग्रेस के साथ केजरीवाल-ममता-केसीआर को साध पाएंगे नीतीश?

**नई दिल्ली:** नीतीश कुमार ने 2024 आम चुनाव को लेकर बड़ा पासा फेंक दिया है। उन्होंने कांग्रेस को विपक्षी एकता की पहल करने को लेकर समय रहते कदम उठाने की बात कह दी है। यह एक तरह से कांग्रेस को चेतावनी भी मानी जा रही है कि यदि उसने जल्द ही विपक्षी एकता का खाका खींचना शुरू नहीं किया, तो दूसरे विपक्षी दल अपने दम पर इसकी अगुवाई करना शुरू कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो 2024 में पूरे विपक्ष का एक साथ आकर लड़ाई लड़ना मुश्किल हो जाएगा, जिसका लाभ भाजपा को मिल सकता है। नीतीश के लिए बड़ी चुनौती उन दलों को कांग्रेस के साथ गठबंधन में शामिल करना होगा जो राजनीतिक हितों के कारण अब तक कांग्रेस के साथ खड़े होने से कतराते रहे हैं। क्या नीतीश आपसी हितों के टकराव को टालते हुए इन सबको एक साथ लाने में सफल होंगे? कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पार्टी 2024 आम चुनाव को लेकर बहुत गंभीर है और वह एक बड़े अलायंस के साथ इस मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। इसके लिए राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की कन्याकुमारी में हुई शुरूआत से कश्मीर में हुए समापन तक पर विभिन्न स्तरों पर कोशिश भी की गई। कांग्रेस इस बात पर पशोपेश में है कि विपक्षी एकता का स्वरूप क्या होगा और इसका नेतृत्व किसके हाथ में होगा? हालांकि कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, एक न्यूनतम एजेंडे पर सबको साथ लेकर चुनाव बाद नेतृत्व तय करने की रणनीति अपनाने के साथ विपक्षी एकता को आकार दिया जा सकता है। विपक्षी खेमे की सबसे बड़ी दुविधा यह है कि उसके अनेक दलों के राजनीतिक हित पूरी तरह एक-दूसरे के साथ टकराते हैं, लिहाजा उन सबको एक साथ मंच पर लाना बेहद मुश्किल कार्य है। यही कारण है कि विपक्षी एकता की कोशिशें पहले भी कई बार नाकाम हो चुकी हैं, और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जिस तरह विभिन्न विपक्षी दलों ने किनारा किया था, इस बार भी यह कोशिश आसान नहीं दिखाई पड़ती।



# किसी पर केस हो तो क्या जिंदा जलाओगे?: ओवैसी

**भिवाड़ी:** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जुनैद और नासिर की हत्या हरियाणा में गौ-रक्षकों के नाम पर चल रहे एक संगठित गिरोह ने की है। हत्याकांड में शामिल मोनू मानेसर और उसके साथियों को बीजेपी और संघ का समर्थन मिला हुआ है। उन्होंने कहा- उनकी पार्टी राजस्थान में 40 सीटों पर चुनाव लडेगी। ओवैसी शनिवार को अलवर पहुंचे। यहां टपूकड़ा कस्बे में ओवैसी ने पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर ओवैसी ने हरियाणा में भरतपुर के दो युवक जुनैद और नासिर की मौत को लेकर सवाल उठाया। ओवैसी ने कहा कि दोनों के मर्डर के लिए राजस्थान और हरियाणा सरकार जिम्मेदार है।



**40 सीटों पर उतारेंगे उम्मीदवार:** ओवैसी ने कहा कि वे राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों में से 40 सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे।

## खबर संक्षेप

### यूपी बोर्ड : मुख्य विषयों की आज से शुरू हो रही परीक्षाएं, केंद्रों की बढ़ी निगरानी

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में प्रमुख विषयों की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। ऐसे में परीक्षा केंद्रों और स्ट्रॉग रूम की विशेष निगरानी के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही जिलों में डीआईओएस की तरफ से परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए अलग से टीमें गठित की गई हैं।यूपी बोर्ड में सोमवार से प्रमुख विषयों की परीक्षाएं शुरू हो रही है। हाईस्कूल में गृहविज्ञान और इंटरमीडिएट में सुबह की पाली में लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा है। इंटरमीडिएट में दूसरी पाली में भूगोल विषय की परीक्षा होनी है। इन सभी विषयों में बढ़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल होने हैं। ऐसे में परीक्षा को देखते हुए बोर्ड की तरफ से सभी जिलों में परीक्षा केंद्रों पर विशेष सर्तकता रखने का निर्देश दिया गया है।बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला के मुताबिक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में प्रमुख विषयों की शुरू हो रही परीक्षाओं के पहले जिलों में डीआईओएस को निर्देश दिया गया है। इसमें प्रश्नपत्रों की शुचिता और सुरक्षा को देखते हुए डीआईओएस स्तर पर टीमें गठित करने का निर्देश दिया गया है। टीमें देर रात तक परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था और मॉनिटरिंग करेंगी। प्रदेश के जिला विद्यालय निरीक्षकों की तरफ से कुल 524 टीमों का गठन किया गया है।

# 44 दिन से चल रहे माघ मेले में पुलिसकर्मी हुए सम्मानित





अखंड भारत संदेश

### पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज ने दिया प्रशस्ति

**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइंस माघ मेला के मानसरोवर सभागार में रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 44 दिन लागतार चले माघ मेले में सभी मुख्य स्नान पर्व के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया।

**मेला में सभी पुलिस बलों का रहा विशेष योगदान :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक आकाश कुलहरी ने कहा कि माघ मेला 2023 के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने में विभिन्न इकाइयों के पुलिस बलों का विशेष सहयोग रहा। सभी ने अत्यंत ही निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया। सभी पुलिसकर्मियों के समर्पण व सेवाभाव की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की गई। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा माघ मेला 2023 के सकुशल संपन्न होने के उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में उत्कृष्ठ व सराहनीय योगदान देने वाले अधिकारियों/पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जो पुलिसकर्मी मेला ड्यूटी से चले गए हैं उनके प्रशस्ति पत्र तैनाती के जिलों में भेजे गए। तीर्थ राज प्रयाग के संगम में लागतार 44 दिन चले माघ मेले के सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शुभकामना व बधाई दी गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के संयुक्त योगदान के फलस्वरूप माघ मेला 2023 सकुशल व निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ। बिना सभी पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी और सहयोग से मेले सकुशल संपन्न करा पाना काफी कठिन था। हमारे पुलिस बल, पैरा मिलिट्री फोर्सेज के जवानों में दिन रात एककर मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा की है। दबाव के बावजूद अपनी वाणी और व्यवहार में संयम रखा। धैर्य का परिचय देते हुए श्रद्धालुओं के सकुशल संगम तक पहुंचने में मदद की। इसकी जिसतनी प्रशंसा की जाए कम है।इस उपलक्ष्य में सभी को पार्टी भी दी गई। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज आकाश कुलहरी, मेलाधिकारी अरविंद चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र, पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल व माघ मेला में नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी/अन्य इकाई प्रभारी और अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### कानपुर देहात कांड के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने किया बुलडोजर आहुति यज्ञ



**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सर्वेश यादव एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अल्ताफ अहमद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने कानपुर देहात में मां-बेटी की जलकर हुई मौत की घटना के विरोध में पत्थर गिरजाघर सिविल लाइन प्रयागराज स्थित धरना स्थल पर बुलडोजर आहुति यज्ञ कराया। यज्ञ में प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सर्वेश यादव ने कहा कि कानपुर देहात की घटना हिंदुस्तान की घटना है ना कि तालिबान की।भाजपा तालिबान के नक्शे कदम पर चल रही है। उन्होंने कहा कि क्या डीएम और सीएम किसी भी घर को असंवैधानिक रूप से गिरा देंगे। मुख्यमंत्री बुलडोजर कहे जाने पर गर्व करते हैं। सर्वेश ने कहा यह बुलडोजर किसी का सगा नहीं है और ना ही किसी वर्ग विशेष या धर्म विशेष के रूप में हमदर्दी रखता है उन्होंने कहा कि बुलडोजर सरकार के खिलाफ पार्टी संघर्ष करने के लिए तैयार हैं, जिसकी शुरूआत हम रविवार को पत्थर गिरजाघर धरना स्थल से एक कृत्रिम में बुलडोजर को जलाकर बुलडोजर आहुति यज्ञ की शुरूआत कर रही है। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी, दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग की गई।अल्ताफ अहमद ने भी घटना की निंदा की और कहा कि जनता इसका जवाब सरकार को देगी। इस मौके पर नितिन सिंह पटेल, निखिल भारतीय, पल्लवी मालवीया, पूनम सिंह, संजय पांडे प्रचंड, विशाल सिंह यादव,मनीष द्विवेदी, स्वाति चौरसिया, इंद्रेश चंद्रा,अमन कुमार, रितेश सिंह, हरीश वर्मा, आरआर मिश्रा, अरुण कुशवाहा, भारत भूषण मिश्रा, दीपक गांगुली, सुरेंद्र कुमार यादव, मोहम्मद रिजवान, सलोनी कुमारी, रेणुका राय, मोहम्मद नसीम, धर्मेंद्र कुमार, अजमा प्रवीण, मोहम्मद अजमल, कप्तान पटेल, हरेंद्र प्रताप ठाकुर, राहुल पटेल, रविंद्र श्रीवास्तव, अर्पित साहू, चेतन गुप्ता, मोहम्मद अफजल, रवि त्यागी, उदयभान सिंह, मूलचंद भारतीय, अखिलेश त्रिपाठी आदि साथी मौजूद रहे।

### लखनऊ में शिक्षा मित्रों का महासम्मेलन आज




**प्रयागराज।** प्रयागराज से हजारों की संख्या में शिक्षा मित्र लखनऊ रवाना हुए बता दें कि आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के आवाहन पर पूरे प्रदेश के शिक्षा मित्र आज यानी 20 फरवरी को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में एकत्रित होकर सरकार के सामने अपनी बात रखेंगे इसी क्रम में प्रयागराज जनपद से भी भारी संख्या में शिक्षामित्र 19 फरवरी की रात में लखनऊ के लिए अपने निजी साधनों से प्रस्थान किया, जिला अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी ने जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि महासम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री माननीय श्री कौशल किशोर वह उत्तर प्रदेश सरकार के कई कैबिनेट राज्य मंत्री विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे प्रयागराज जनपद से 17 बसें तथा दो दर्जन छोटी गाड़ियों के साथ जत्था रवाना हो रहा है अन्य बहुत से साथी ट्रेन वह अपने साधन से प्रस्थान कर रहे हैं त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षामित्र विगत 23 वर्षों से प्राथमिक विद्यालय में अल्प मानदेय पर अध्यापन कार्य सुचारु रुप से कर रहे हैं जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है अब शिक्षामित्र आत्मघाती कदम उठाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं।

# शिक्षक के घर से दिनदहाड़े साइकिल उठा ले गए चोर, हफ्ते भर में पांचवी चोरी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के चक बबुरा मोहल्ले में एक शिक्षक के घर के अंदर से साइकिल चोरी हो गई। एक हफ्ते के अंदर मोहल्ले में चोरी की यह पांचवीं घटना है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचने वाली पुलिस छानबीन कर वापस चली आती है। न तो चोर पकड़ा जाता है और न चोरी गया सामान भी बरामद होता है। नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक बाबूरा मोहल्ले बाल भारती इंटर कॉलेज के समीप रहने वाले सुनील कुमार शुक्ला सरकारी शिक्षक हैं। उनके भाई सुशील शुक्ला ने बताया कि उनका बेटा शुक्रवार को दोपहर में कोचिंग गया था वहां से लौटा तो अपनी एचआरएक्स साइकिल पोर्च में खड़ी कर कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद जब वापस बाहर निकला तो साइकिल गायब थी। करीब 15000 रुपए कीमत की साइकिल एक हफ्ते पहले ही पिता सुनील ने बेटे को खरीदी थी। सुशील कुमार शुक्ला के अनुसार मोहल्ले में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। एडीए चौकी इंचार्ज जन्मेजय आते हैं और पूछताछ करके चले जाते हैं। तहरीर भी दी जाती है, लेकिन आज तक किसी भी घटना का ना तो खुलासा हुआ न कोई चोर पकड़ा गया। जिससे मोहल्ले में लोग दहशत में है और चोरों के हौसले बुलंद है।

### उग्रसेनपुर निवासी की चोरी हुई स्प्लेंडर बाइक का सुराग नहीं लगा

**प्रतापपुर।** उग्रसेनपुर क्षेत्र के लोढ़ीडीह निवासी शिव ललित मिश्रा की बाइक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस उनका पड़ोसी बारह फरवरी को मांगकर एक बारात में ले गया था वह बाइक बाहर खड़ी कर द्वारचार में शामिल होने गया थोड़ी देर बाद वापस आया तो देखा बाइक गायब थी।उसने आस-पास ढूढने का प्रयास किया मगर बाइक नही मिली। भुक्तभोगी ने फूलपुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की परंतु आज तक चोरी हुई बाइक का पुलिस सुराग नही लगा सकी।

# 21वीं सदी के इलाहाबादी का विमोचन पांच को

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज मित्थल होंगे मुख्य अतिथि,किताब में शामिल सभी 106 लोग किएं जाएंगे सम्मानित

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इम्तियाज अहमद गाजी की पुस्तक 21वीं सदी के इलाहाबादी का विमोचन आगामी 05 मार्च को मोती लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज के डॉ. प्रीतमदास प्रेक्षागृह में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज मित्थल मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रमराव करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार और समाज सेवी रविकिरण जैन विशिष्ट अतिथि होंगे। रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में हुई गुफ्तगू कार्यकारिणी की बैठक में यह तय किया गया।गुफ्तगू संस्था के सचिव नरेश कुमार महरानी ने बताया कि 21वीं सदी के इलाहाबादी नामक पुस्तक में अमिताभ बच्चन, मोहम्मद कैफ, शम्सुर्रहमान फारूकी, अमरकांत, दूधनाथ सिंह, डॉ. राज बवेजा, प्रो. राजेंद्र कुमार आदि समेत कुल 106 लोगों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम के दौरान इन सभी 106 लोगों को 21वीं सदी के इलाहाबादी सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा इसी दिन नरेश कुमार कुमार महरानी की पुस्तक मेरी तल्खियां और शगुफ्ता रहमान सोना की पुस्तक अक्षर-अक्षर गढ़कर का भी विमोचन किया जाएगा। बैठक में गुफ्तगू के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद गाजी, प्रभाशंकर शर्मा, अनिल मानव, शैलेंद्र जय, संजय सक्सेना, नीना मोहन श्रीवास्तव, अर्चना जायसवाल, दयाशंकर प्रसाद, शिवाजी यादव, राज जौनपुरी, अफसर जमाल आदि मौजूद रहे।

# अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पर गायों के लिए लगाई गई नेपियर ग्रास

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** स्थाई ब्लॉक क्षेत्र के अस्थाई गो आश्रय स्थल सोरांव में संरक्षित मवेशियों के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में ग्राम प्रधान मोहम्मद शाहिद अली की अगुवाई में ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों व कर्मचारियों के द्वारा लगभग लाखों रुपए खर्च कर 2 बीघे जमीन में हरा चारा यानी नेपियर ग्रास रविवार को लगाया गया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में तथा ग्राम प्रधान मोहम्मद शाहिद अली के सहयोग से सोरांव ग्राम पंचायत के सदस्यों व कर्मचारियों की मदद से रविवार को अस्थाई गोआश्रय स्थल सोरांव में लगभग 2 बीघा नेपियर ग्रास को लगाया गया। इतना ही नहीं ट्रैक्टर से मिट्टी को पहले जुताई कर मिट्टी को भुर भुरा बनाकर कतार नुमा करके ग्राम पंचायत के सदस्यों और कर्मचारियों संग लोगों ने मवेशियों की लिए नेपियर ग्रास लगाए। यह ग्रास लगभग 2 माह में तैयार हो जाती है। हालांकि पशुओं को हरा चारा खाने से पशुओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहता है। जानवरों में किसी भी प्रकार की कोई बीमारी नहीं होती है। इसी उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार व ग्राम प्रधान मोहम्मद शाहिद के नेतृत्व में नेपियर ग्रास लगाया गया। हालांकि इस गौशाला में पशुओं के लिए पानी, छाया, और पूरे परिसर को साफ सुथरा रखने के लिए इंटर लॉकिंग किया गया है। तथा सुरक्षा की दृष्टि के लिए चारों तरफ से ऊंची बाउंड्री का भी निर्माण किया गया है। तथा समयसमय पर गौपालक द्वारा चारा पानी भी दिया जाता है। जिससे पशु स्वस्थ भी रहते है। जिसकी चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है। इतना ही नहीं नेपियर ग्रास की रखवाली के लिए कर्मचारी को भी लगा दिया गया है ताकि समय से सिंचाई हो सके और पशुओं के लिए जल्द से जल्द हरी घास उपलब्ध हो सके। घास लगाने में प्रधान शाहिद अली, ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार, पंचायत सहायक हर्ष श्रीवास्तव, रोजगार सेवक दिनेश कुमार,रमेश सफाई कर्मचारी जंगी लाल, पिंकी,गो पालक रोशन लाल, महिला मेट यासमीन बानो संग दर्जनों लोग रहे।

### सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने मेला क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान

**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव व भारत के जी-20 की अध्यक्षता वर्ष में निर्मल गंगा के मूल उद्देश्य से पॉलिथीन बहिष्कार व सफाई के प्रति जन जागरूकता जगाने के लिए सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड उत्तर मध्य रेलवे की दोनों ब्रिगेडों के सदस्यों द्वारा संगम तट पर सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही तीर्थ यात्रियों को जागरूक किया व अनुरोध किया कि जीवनदायनी माँ गंगा में पॉलीथिन एवं अन्य चीजों को प्रवाहित न करें।इस दौरान ब्रिगेड के सदस्यों ने हाथ में स्वछता एवं पॉलीथिन का प्रयोग न करें से संबंधित स्लोगनों के साथ तख्तियां लेकर बड़े हनुमान मंदिर से संगम नोज तक नारे लगाते हुए रैली निकाली। सफाई एवं जागरूकता अभियान में ब्रिगेड के 35 सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें एंबुलेंस अधिकारी वीबी श्रीवास्तव, उदयचंद्र मौर्य, राजीव सिंह, आलोक कुमार वर्मा, अनूप श्रीवास्तव, विद्यासागर सिंह विद्या भूषण श्रीवास्तव आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस जन जागरण अभियान मे ब्रिगेड के पूर्व सदस्य एके आर्या, पवन यादव, मोहीबुल्ला, सतीश कुमार व विजय कुमार ने भी अपना योगदान दिया। इसे सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को ब्रिगेड के अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई। साथ ही ऐसे जनजागरण के कार्यक्रम निरंतर चलाए जाने की जरूरत पर बल दिया।

# पुरा छात्र एवं विंध्य गौरव सम्मान समारोह सम्मान






अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** लालापुर के श्री हरि शंकर पांडेय कालेज में आयोजित विंध्य गौरव का सम्मान समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद राज मणि पटेल ने कहीं।वक्ताओं की कड़ी में मुख्य अतिथि राजा रीवा पुष्पराज सिंह ने कहा इस कार्यक्रम में लोग सुबह से बैठे हैं धन्य है आप लोग धैर्यवान हैं और धैर्य से ही शिक्षा और समाज दोनों को आगे बढ़ाता है।शिक्षा प्रसार समिति लालापुर के 70 वर्ष पूरे होने पर पुरा छात्र सम्मान समारोह व विंध्य गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि महाराजा रीवा विरासत पुष्पराज सिंह रहे।अतिथियों में मुख्य रूप से नारायण त्रिपाठी विधायक मैहर,उज्जवल रमण सिंह,डाक्टर वी के सिंह एक्सीडेंटल ट्रामा सेंटर मुंबई रहे।कार्यक्रम में गीत संगीत व नाटक मंचन के माध्यम से बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया। जादूगर हेमराज ने अपनी कला से तालियां बटोरी।आयोजक कालेज के प्रबंधक करुणा निधान पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन कालेज के उपप्रबंधक सूर्य निधान पांडेय ने किया। इस मौके अजय पांडेय, माता बदल मिश्र, मथुरा प्रसाद पांडेय, सुरेश केसरवानी शंकरगढ़, दिलीप पाण्डेय, राजेंद्र शुक्ल, गीता माझी जिला पंचायत सदस्य,चंद्र निधान पांडेय, नरेंद्र त्रिपाठी, बीरेन्द्र पांडेय, गंगेन्द्र त्रिपाठी, बीरेन्द्र मिश्र, रवींद्र सिंह टिकरी, आनंद शुक्ल, निलेश कुमार राय, प्राचार्य सुभाष चंद्र पांडेय सहित सैकड़ों छात्र छात्रायें सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कालेज के छात्र छात्राओं के माध्यम से सरस्वती वन्दना गायक सालनि छात्र ने की, स्वागत नृत्य में 12,10,8 की दीपाली, अर्पिता, प्रीति, अनन्या,चांदनी, ज्योति ने किया...। ग्रुप ड्रान्स कच्छा 9 की सौम्या त्रिपाठी, रश्मि त्रिपाठी, मांशी मिश्रा,सिपा, संध्या, प्रगति सिंह ने किया एवं नाटक, बालविवाह, रिया, महिमा, मंजू ,सविता, काजल, सुरेखा, सीमा, हेमा, पिंकी ने किया।

# पत्रकारों की असुरक्षा व उत्पीड़न से लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कमजोर होगा : डा. भगवान प्रसाद

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ महानगर प्रयागराज की मासिक बैठक महाराष्ट्र लोकसेवा मंडल अलोपीबाग के सभागार में बड़ी संख्या में उपस्थित मीडिया व पत्रकारों के बीच संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता शिवेश कुमार राय और संचालन पंकज गुप्ता ने किया। विशेष अतिथियों में डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय राष्ट्रीय संयोजक व श्याम सुंदर सिंह पटेल राष्ट्रीय महासचिव मंच पर उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना से शुरू हुई बैठक में लोगों ने अपना परिचय देते हुए विचार रखा और प्रमुख रूप से संगठन की मजबूती पत्रकारों की सुरक्षा, संरक्षा ,स्वास्थ्य बीमा व पत्रकार हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई ` इस हेतु कार्य योजना बनाने पर विचार हुआ महासंघ के संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पत्रकार और मीडिया से जुड़े लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है वह कठिनाइयों के दौर से गुजर रहा है क्योंकि अक्सर घटनाएं हो रही हैं। अगर यही हाल रहा तो लोकतंत्र व संविधान का चौथा स्तंभ कमजोर हो जाएगा व राष्ट्रीय विकास में शिथिलता व बाधाएं आएंगी इसलिए पत्रकारों के कल्याण हेतु शासन प्रशासन व समाज सभी लोग इस ओर ध्यान दें मीडिया व पत्रकार तथा कलम के सिपाहियों को सुरक्षा एवं स्वतंत्रता मिले जिससे सबका भला हो इस पर सभी ने करतल ध्वनि से इसका स्वागत किया । इस अवसर पर श्यामसुंदर सिंह पटेल ने कहा कि संगठन में शक्ति है वही सफलता की सोपान है हम सब संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे तो निश्चित रूप से आप की मांगों पर विचार होगा व सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज , शासन व प्रशासन को इस पर ध्यान देने की जरूरत है , जिसकी सभी ने प्रशंसा की` इस अवसर पर 13 पत्रकारों को सम्मान पत्र से सम्मानित भी किया गया। बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय, श्याम सुंदर सिंह पटेल ,पंकज गुप्ता, शिवेश कुमार राय, हिमांशु गुप्ता, आनंद बैश्य , अब्दुल मलिक ,अनिल कुमार धुरिया ,रतन कुमार ,मोहम्मद ताहिर ,संतोष यादव ,विकास केलकर ,अरविंद पांडेय ,संतोष मिश्रा आदि कई लोग शामिल रहे अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन शिवेश कुमार राय ने किया।



### एडीए व्यापार मंडल की ओर से भंडारे का आयोजन

**नैनी।** क्षेत्र के एडीए स्थित पाठक मार्केट के पास रविवार को महाशिवरात्रि के दूसरे दिन व्यापार मंडल की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आसपास क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में आलोक पांडेय, अर्जुन सिंह, सोनू यादव, रिशु सिंह, कृष्णा, सचिन अग्रवाल, पप्पू पाल एंव अनन्त सिंह समेंत दर्जनों लोगों ने भंडारे में सहयोग किया।

# महाशिवरात्रि के स्नान और शिव बारात के साथ सकुशल समापन हो गया माघ मेला

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** अरैल घाट में माघ मेला संगम तट पर पौष पूर्णिमा, के पहले स्नान से लेकर मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा, और महाशिवरात्रि के आखरी स्नान में दूरदराज से आए हुए काफी बड़ी संख्या में स्नानार्थियों ने पुण्य की डुबकी लगाई घाटों पर स्नानार्थियों के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। पूरे मेले में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जा रही थी इसके चलते सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त थी। मेला प्रशासन के साथ तमाम समाजसेवी संस्थाएं ने मुख्य मुख्य स्नान पर श्रद्धालुओं को अपनी सेवा प्रदान कर रहे थे और मेला प्रशासन के तरफ से आवागमन को लेकर बेहतरीन इंतजाम किए थे। ताकि किसी प्रकार की श्रद्धालुओं को दिक्कत ना हो ऐसे में नैनी अरैल घाट और क्षेत्र में पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम पुलिस प्रशासन के साथ शांति सुरक्षा व्यवस्था में श्रद्धालुओं के लिए अपनी सेवा प्रदान कर रहे थे नैनी थाना की नियुक्ति हुई पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम के प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल से बातचीत में बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम हर एक सामाजिक एवं जनहित कार्य में पुलिस प्रशासन के साथ शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करती रहती है और माघ मेला 2023 के सभी मुख्य स्नान पर और पार्किंग स्थल एवं ट्रैफिक डायवर्जन और घाटों पर पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम के सदस्य सहयोग लगे हुए थे माघ मेले में मुख्य स्नान पर पुलिस प्रशासन की तरफ से इन सभी पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम के सदस्यों के लिए जो उनके सहयोग में लगे हुए थे उनके लिए मेला प्रशासन की तरफ से खाने का भी इंतजाम किए गए थे जिसमें सभी पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम के सदस्य निस्वार्थ सुबह से लेकर शाम तक अपनी सेवा प्रदान कर रहे थे और कल महाशिवरात्रि के पर्व पर नैनी अरैल क्षेत्र सोमेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने में और नैनी क्षेत्र से निकलने वाली शिव बारात में पुलिस प्रशासन के साथ शांति सुरक्षा व्यवस्था के साथ सकुशल संपन्न कराया इस मौके पर एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह नैनी थाना निरीक्षक अपराध मोहम्मद अली नैनी थाना एस एस आई अजय कुमार सिंह उमाशंकर सिंह सुरेंद्र सिंह पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम के सदस्य अंकित कनौजिया अमन बालक अंकित कुमार आकाश पांडे कुलदीप पटेल पंकज यादव शुभम तिवारी सुशील शर्मा और पुलिस मित्र एसपीओ यूथ प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अपनी टीम के सदस्य के साथ मौजूद रहे।

## भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, चखा प्रसाद

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर के जंगली वीर बाबा पर धार्मिक अनुष्ठान को लेकर रविवार को भण्डारे मे श्रद्धालुओं की भीड उमडी दिखी। जंगली वीर बाबा पर ऊँ नमः शिवाय के जप को लेकर शुक्रवार से ही श्रद्धालुओं का समागम रविवार तक उल्लास मे दिखा। शनिवार की शाम धाम मे महाशिवरात्रि पर रूद्राभिषेक एवं हवन मे भी श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर से कल्याण की कामना की। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी देर शाम जंगली वीर बाबा धाम पहुंचे और लोकमंगल की कामना की। भण्डारे का संयोजन समाजसेवी रामलखन जायसवाल ने किया। सह संयोजक मुन्नालाल जायसवाल एवं बैजनाथ जायसवाल ने श्रद्धालुओं का टीका अभिषेक किया। इस मौके पर विजयनाथ, शिवकुमार, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, व्यापारमण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, धमार्चार्य विनय शुक्ला, इं. सुनील पाण्डेय, छोटे लाल सरोज, मंगलेश सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, पन्ना लाल पाल, मुन्ना शुक्ला आदि रहे।

# भारत की एकता को बाबा धाम के महोत्सव से मिला करती है मजबूतीः जिलाधिकारी

## प्रमोद व मोना ने बाबा घुइसरनाथ को सर्वश्रेष्ठ धाम बनाए जाने का जताया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की शनिवार की देर शाम जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल व एसपी सतपाल अंतिल ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ सई तट पर बनें खूबसूरत गंगा सागर में सामूहिक दीपदान कर महोत्सव का श्रीगणेश किया।

समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते डीएम डा. नितिन ने कहा कि भारत की एकता एवं सदभावना को बाबा धाम मे होने वाला यह महोत्सव निरंतर मजबूती देता आ रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि महोत्सव को लेकर यहां लगने वाली विकास प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी जागरूकता मिला करती है। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि एकता महोत्सव जैसे आयोजन के जरिए लोक शांति को भी सुदृढ़ बनाए रखने मे मजबूती मिला करती है। उन्होंने प्रतापगढ़ की जनता को अमन पसन्द बताते हुए कहा कि यह महोत्सव लोगों के बीच परस्पर भाईचारे को भी बढावा दिया करता है। एसपी ने ऐसे एकता व सदभावना पर आधारित आयोजनो को सामाजिक परिवेश की सुदृढ़ता के लिए सार्थक भी कहा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत की विविध रंगो मे रंगी सांस्कृतिक एकता हमारे लोकतंत्र के मूल्यों की बुनियादी ताकत है। उन्होनें बाबा घुइसरनाथ धाम को लोक मंगल के संकल्प का केंद्र ठहराते हुए यह भी संकल्प जताया कि विधायक मोना के प्रयास से केंद्र एवं राज्य के पर्यटन के मानक पर बाबा धाम सर्वश्रेष्ठ धाम के सभी मानक को पूरा करेगा। श्री तिवारी ने लोगों से मिलजुलकर आधुनिक भारत के बहुमुखी विकास में भागीदारी का भी आहवान किया। अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता क्षेत्रीय विधायक एवं आयोजन समिति की संयोजिका आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि बाबा धाम मे एकता महोत्सव का आयोजन समग्र विकास तथा सामूहिक कल्याण के पथ पर हमें पूरी दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त किया करता है। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। स्वागत ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व आभार प्रदर्शन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया। इस मौके पर ईओ पदमजा मिश्रा, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय, दृगपाल यादव, सुधाकर पाण्डेय, रामकृपाल पासी, डा. अमिताभ शुक्ल, रामबोध शुक्ल, आशुतोष मिश्र, छोटेलाल सरोज, जगदीश मिश्र, लाल अनिल प्रताप सिंह, लाल अभिषेक प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र शुक्ल आदि रहे।

### डीएम व एसपी को मिला एकता सम्मान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** बाबा धाम मे राष्ट्रीय एकता महोत्सव मे शनिवार की शाम आयोजन समिति द्वारा लोक प्रशासन के क्षेत्र में जिले मे विकास की गति को आदर्श स्वरूप देने के लिए जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल व बेहतर कानून व्यवस्था के प्रबन्धन के लिए एसपी सतपाल अंतिल को महोत्सव आयोजन समिति की ओर से संयोजिका एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा लोक प्रशासन मे सर्वश्रेष्ठ योगदान 2023 का सम्मान दिया गया। इसके तहत डीएम तथा एसपी को महोत्सव स्मृति चिन्ह प्रदान हुआ।

### एकता महोत्सव से लोक शांति को मिलती है मजबूतीः एसपी



महोत्सव का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते डीएम, एसपी, प्रमोद तिवारी व मोना।

### प्रमुख ने बाबा धाम ट्रस्ट को सौंपा चार लाख का चेक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव के उदघाटन समारोह में सांगीपुर प्रमुख द्वारा बाबा घुइसरनाथ ट्रस्ट मे निजी तौर पर चार लाख रुपए दान दिये जाने की भी सराहनीय पहल दिखी। सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने स्वयं की ओर से चार लाख रुपए का चेक ट्रस्ट के नाम ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी को सौंपा। सांसद प्रमोद तिवारी ने ट्रस्ट की ओर से प्रमुख की इस पहल की प्रशंसा करते हुए बाबा धाम के विकास में इसे जनसहभागिता की सराहनीय पहल बताया। विधायक मोना ने भी प्रमुख के इस रचनात्मक सहयोग को लेकर सराहना करती दिखीं।

## बाजार में एनएच प्राधिकरण ने शुरू किया अतिक्रमण निरोधक अभियान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला बाजार मे रविवार को अतिक्रमण निरोधक अभियान को लेकर हडकंप मच गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अफसरो ने चैकी पुलिस को साथ लेकर बाजार मे एनएच पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से साफ करवाना शुरू किया। अचानक एनएच की कार्रवाई को लेकर बाजार मे अफरातफरी का माहौल बन गया। एनएच ने अपने फुटपाथ पर किये गये प्रतिष्ठानो के अवैध कब्जो के साथ ठेले आदि भी हटवाये। चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज के साथ भारी फोर्स अभियान मे एनएच के अफसरो के साथ अतिक्रमण हटवाये जाने मे मशक्कत करती देखी गयी। कुछ माह पूर्व तहसील प्रशासन द्वारा भी बाजार से अतिक्रमण हटवाया गया था। इसके बाद धीरे धीरे व्यापारियो ने फिर से एनएच के फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लिया। सहालग में एनएच पर अतिक्रमण को लेकर बाजार मे वाहनो को भी प्रायः रेंगते देखा जा रहा था। इसके चलते शादी विवाह को लेकर बारात लेकर जा रहे वाहनो को भी असुविधा हो रही थी। वहीं स्कूली छात्र छात्राओ व आम लोगों को भी अतिक्रमण के कारण रोज परेशानियो से रूबरू होते देखा जाया करता है। हालांकि बाजार मे अतिक्रमण को लेकर अंदर ही अंदर खफा कुछ व्यापारी अभियान की पूर्व सूचना न देने को लेकर एनएच व पुलिस को कोसते भी दिखे।

## संस्कारयुक्त समाज के लिये सभी का सहयोग जरुरी

### दिवंगत पत्रकार की पुण्यतिथि पर शामिल हुए जेडी, डीआईओएस, पूर्व उप कुलपति व पूर्व विधायक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के दिवंगत पत्रकार अरुण कुमार पाण्डेय की सातवीं पुण्यतिथि आज रविवार को भदरी हाउस में सदभावना दिवस के रुप में मनाई गई जिसमें वाराणसी मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप सिंह, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व उपकुलपति यूपी सिंह, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी राय ने स्व0 अरुण कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज इस कार्यक्रम में उपस्थित बुद्विजीवियों का समुदाय देखने से पता चलता है कि स्व0 अरुण कुमार का व्यक्तित्व कितना विषाल था। उनकी सरलता, सहजता के सभी कायल थे।



सद्भावना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप सिंह।

वक्ताओं ने उस समय की पत्रकारिता की चर्चा करते हुए कहा कि उस समय कम्प्यूटर व डिजिटल की सुविधा नहीं थी। लोग टाइप मषीन खरीदकर समाचार कम्पोज करते थे और कम्पोज के बाद एक भी टाइप अगर गिर जाता था तो पूरा पेज बिखर जाता था। ऐसे दुरुह पत्रकारिता में जो स्थान आज उन्होंने बनाया, उसकी यहां चर्चा होना आज के बदले समाज के लिये जरुरी है। वक्ताओं ने स्व0 अरुण के तीन पुत्रों डा0 अनूप पाण्डेय, अरुण पाण्डेय व अमित पाण्डेय द्वारा शहर के बुद्विजीवियों को एकत्र कर संस्कारयुक्त समाज की षिक्षा पर चर्चा करना, बदले समाज को आईना दिखाता है। हरिप्रताप सिंह ने कहा कि बदले समाज को संस्कारयुक्त बनाने के लिये ऐसे कार्यक्रम सहायक होते हैं। प्रारंभ में सत्येन्द्र मिश्र की वाणी वंदना तथा आयुषी व अपर्णा के स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कई षिक्षण संस्थाओं के प्रबंधक अनिल प्रताप त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रारंभ में डा0 अनूप पाण्डेय ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर अवकाष प्राप्त षिक्षा अधिकारी श्रीराम मिश्र, आरबी सिंह पूर्व सूचनाधिकारी, वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष राधेकृष्ण त्रिपाठी, श्याम सुंदर टाऊ, विषाल नाथ तिवारी, अधिवक्ता ओम प्रकाष मिश्र, एमडीपीजी कालेज के डा0 पीयूषकांत शर्मा, संतोष दुबे, संतोष भगवन, डा0 एसपी त्रिपाठी, अंजनी अबोध, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, रतन जैन, संजीव आहूजा, रोषनलाल उमरवैष्य ने स्व0 अरुण कुमार के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा के लिये डा0 ममता सक्सेना, डा0 अवन्तिका, शैलेष तिवारी, धर्मदत्त मिश्र को सम्मान पत्र दिया गया। पत्रकार राजन शुक्ल ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र मिश्र तथा संचालन अनूप उपाध्याय ने किया। अंत में अमित पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार जताया।

## आबादी की जमीन पर जबरन कब्जे की शिकायत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन पर बंटवारा होने के बाद भी पड़ोसी जबरन उस पर कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव के रहने वाले रमाशंकर यादव ने बताया कि उनके पड़ोसी जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं जबकि बटवारा हो चुका है बंटवारे के बाद मिले हुए हिस्से पर जब पीड़ित अपना घर बनाना चाहता है तो आरोपी लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है। इस संबंध में शिकायती पत्र देकर पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## बारात आने पर आरोपी दे रहे धमकी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश के कारण दो परिवारों के बीच में तनातनी के बाद पीड़ित के घर बरात आने पर अब आरोपी अंजाम बुरा होने की धमकी दे रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के गदौड़ी खुर्द गांव के रहने वाले बालमणि पांडे ने बताया कि 22 फरवरी को उनके घर बारात आने वाली है जिसको लेकर वह तैयारी कर रहे थे और बारात बैठाने के लिए जमीन की साफ सफाई कर रहे थे जिस पर उनके पड़ोसी आधा दर्जन लोग इकट्ठा होकर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिए जिससे चोटे आई आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी तथा बारात आने पर बम से उड़ा देने की धमकी देते हुए चले गए पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

## तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा से प्र0नि0 उदयवीर सिंह व उ0नि0 कमलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 44/023 धारा 304, 323, 504, 506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी खान का कटरा गढी थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ तिरंगा ढांबा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद प्रतापगढ़ के थाना मान्धाता से उ0नि0 मो0 इबरार अंसारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0 295/2022 धारा 177, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त आदेश कुमार दुबे पुत्र गिरजाशंकर निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद प्रतापगढ़ के थाना फतनपुर से उ0नि0 अजय सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 09/23 धारा 392, 341 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त भाष्कर सिंह पुत्र रामसिंह नि0 ग्रा0 गौरा पूरेबदल थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ गौरा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया।

## दुर्घटना में पूर्व प्राचार्य घायल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** शनिवार की देर शाम बाबा घुइसरनाथ धाम दर्शन करने जा रहे पूर्व प्रधानाचार्य दुर्घटना मे चुटहिल हो गये। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग निवासी पूर्व प्रधानाचार्य डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय महाशिवरात्रि पर देर शाम दर्शन करने बाइक से जा रहे थे। कौहली तालाब के पास अचानक मवेशी आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गयी। पूर्व प्रधानाचार्य शक्तिधरनाथ दुर्घटना मे चुटहिल हो गये। नगर के ट्रामा सेंटर में प्रारम्भिक इलाज के बाद उन्हें छुटटी दे दी गयी।

# ढेड़िया नृत्य तथा फूलों की होली व शिव महिमा मंचन पर इतराया महोत्सव, लोक कलाकारों ने बांधी समा

## भाव नृत्य, गीत व गजल तथा भजन का दर्शकों मे चढ़ा जादू, महोत्सव की शाम हुई यादगार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम मे राष्ट्रीय एकता महोत्सव में शनिवार की शाम से परवान चढ़ा महोत्सव सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की मनभावन छाप छोडते हुए रात भर रंगारंग उत्सव का धमाल मचाये दिखी। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज की सुश्री बीना सिंह के सांस्कृतिक दल के द्वारा एक से बढकर एक भाव पूर्ण प्रस्तुतियो ने महोत्सव के मंच को लोक संस्कृति का अनूठा अंदाज दे गया। सांस्कृतिक दल के कलाकारो हिमानी, तुलिका, समृद्धि व जोया, गंगा, वर्तिका, प्रांजलि ने जब प्रसिद्ध ढेड़िया नृत्य का अंदाज बयां किया तो दर्शक दीर्घा की हर नजर इस अनूठे नृत्य को देख सुध बुध खो बैठी दिखी।



बाबा घुइसरनाथ धाम में प्रस्तुतियां देते कलाकार।

वहीं विशिष्ट दीर्घा से भी निकली तालियां कलाकारों के अद्वितीय प्रदर्शन की हौंसला आफजाई भी करती दिखी।

ढेड़िया नृत्य को लेकर दर्शकों का उत्साह इस कदर बढ़ा दिखा कि मंच के समीप महोत्सव की संयोजिका विधायक आराधना मिश्रा मोना को अपनी छोटी बहन डॉ. विजयश्री सोना के साथ प्रबन्धों की कमान खुद संभालते देखा गया। इसके बाद सनी तथा बिंदिया के युगल नृत्य समेत कलाकारों के द्वारा फूलो की होली का मनोरम नृत्य मंच पर शुरू हुआ तो ऐसा लगा जैसे बाबा घुइसरनाथ धाम मे भगवान शिव की आराधना को ब्रज की भी रंगत थिरकन देने लगी हो।

मयूर नृत्य का भी मंचन कुछ ऐसा उत्कृष्ट रंगारंग नजारा लिये प्रस्तुत हुआ कि महिला दीर्घा मे बैठी भारी तादात मे महिलाएं भी सांस्कृतिक रंगमंच को टकटकी लगाए निहारने लगी। मशहूर एंकर राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर के हास परिहास के बीच लखनवी तहजीब की सांस्कृतिक अदा के साथ रंगमंच पर यश द्विवेदी के भी सांस्कृतिक दल के गीत व संगीत तथा गजल व लोकगीत फाग आदि का धमाल देर रात तक आडीटोरियम मे मौजूद लोगों को वाह वाह करते देखा गया। गीत, गजल तथा तरानों के बीच दर्शकों में अपनी बेहतरीन छाप छोड़ी। इसके पहले क्षेत्रीय लोकगायक अमर बेदर्दी, विपिन तिवारी, सरिता वर्मा, खुशी मौर्या, सोनू बेदर्दी का बाबा घुइसरनाथ की महिमा निराली.. समेत सराहनीय प्रस्तुतियां भी महोत्सव को नवरस प्रदान करता दिखा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता व विधायक आराधना मिश्रा मोना, प्रो. डॉ. विजयश्री सोना, एसडीएम सौम्य मिश्र, सीओ रामसूरत सोनकर, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि कलाकारों का उत्साहवर्धन करते दिखे। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए जुटी भीड़ पसन्दीदा कार्यक्रमों को अपने मोबाइल में धरोहर के रूप में कैद भी करती दिखी। वहीं आयोजन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ सांगीपुर, लालगंज, उदयपुर, लीलापुर थानाध्यक्ष भी देर रात तक मुस्तैद दिखे।

### कलाकारों का हुआ सम्मान, मिला प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एकता महोत्सव में दूरदराज से आये कलाकारो का जहां दर्शकों ने तालियों की गडगडाहट से हौसला बढ़ाया। वहीं महोत्सव की परंपरा के तहत आयोजन समिति की ओर से राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तथा इण्डियन परफार्मिंग आर्टस एवं क्राफ्ट सेण्टर लखनऊ व सांस्कृतिक कार्य विभाग से आये कलाकारो को स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर मंच से सम्मानित किया। कलाकारो को सराहनीय प्रस्तुति के लिए विधायक मोना ने प्रमाण पत्र भी प्रदान किये। कार्यक्रम देने आये कलाकार भी बाबा घुइसरनाथ जी का दर्शन पूजन करने को लालायित देखे गये।

## बच्चा बैंक ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया



बच्चा बैंक द्वारा सम्मानित खिलाड़ीगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद स्पर्धा में प्रतिभाग करने और जीतने वाले खिलाड़ियों का रविवार को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। मेडिकल कालेज के डाक्टरों की तरफ से उन्हें जर्सी, मेडल और सम्मान पत्र से नवाजा गया। सम्मानित होने वाले छात्र छात्राएं खुश नजर आए। भंगवा गांव में बीबीएफजी द्वारा संचालित निशुल्क स्टडी सेंटर पर आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में चार सौ मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली लाजू विश्वकर्मा और कुश्ती में प्रथम आने वाले छात्र विकास को इनाम में जर्सी, मेडल और सम्मान पत्र दिया गया। जूनियर कबड्डी बालिका में उपविजेता टीम में शामिल सिमरन प्रजापति, प्रिया, मुस्कान, रमाशंकर, प्रिंस, नीलम को मेडल से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री, बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर अनिल कुमार, हड्डी सर्जन डाक्टर सचिन कुमार, वीके तिवारी, सतेंद्र गुप्ता, अमित तिवारी, भरत यादव, सानू और प्रदीप यादव ने खिलाड़ियों को बारी बारी से सम्मानित किया। अध्यक्षता सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया। संचालन टीचर दीपू ने किया। दामिनी ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन से हुई।

## कालाकांकर राजभवन में लाल प्रताप सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने रविवार को राजभवन कालाकांकर में शहीद हुए लाल प्रताप सिंह की पुण्यतिथि पर उनको याद करते हुए चर्चा किया उनकी याद में पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह अपने परिवार के साथ लाल प्रताप सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए बताया कि कालाकाकर से एक हजार सैनिकों के साथ राजा हनुमत सिंह ने अपने पुत्र लाल प्रताप सिंह को अपने चाचा माधव सिंह के साथ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में चांदा सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश में अंग्रेजो से भीषण युद्ध किया जिसमें अंग्रेजो ने धोखे से रात में आक्रमण करते हुए लाल प्रताप सिंह को मार दिया जिससे 19 फरवरी 1858 को शहीद हो गए। उनकी याद आज भी चांदा सुल्तानपुर में काफी प्रचलित है बताते है कि उस जमाने मे सबसे कठिन लड़ाई अंग्रेजो से चांदा में हुई थी, जो अंग्रेजों से वीरता पराक्रमी के साथ लड़ाई लड़े लालप्रताप सिंह आजादी के आंदोलन में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। जिस पर भारतीय डाक विभाग ने शहीद हुए लाल प्रताप सिंह की याद में 19 फरवरी 2009 को एक डाक टिकट और प्रथम दिवस आवरण जारी किया। इस मौके पर पुण्यतिथि पर उपस्थित लोगों में युवराज भुवन्यू सिंह, युवरानी देविका सिंह, कुँवर मनीष सिंह, विनय सिंह, कुँवर अनूप सिंह व डॉ घनश्याम यादव राजभवन मैनेजर मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री कारागार प्रभारी मंत्री ने उद्योग बन्धुओं के साथ बैठक कर किया गहन विचार-विमर्श

**प्रभारी मंत्री ने कहा कि निवेशक अपने निवेश धरातल पर उतारें, प्रदेश सरकार हर सम्भव मदद उपलब्ध करायेंगी, जनपद कौशाम्बी में उद्योगो की स्थापना से रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे**



बैठक में उपस्थित प्रभारी मंत्री डीएम एसपी व अन्य


बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने रविवार को उदयन सभागार में उद्योग बन्धुओं के साथ बैठक कर विचार-विमर्श किया राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उ0प्र0 में निवेश के लिए एक बहुत अच्छा माहौल बना है, प्रदेश में देश व विदेश के लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किये जा रहें है। जनपद कौशाम्बी में भी लक्ष्य 300 करोड़ के सापेक्ष अब तक 110 निवेशकों द्वारा 1394 करोड़ निवेश के प्रस्ताव प्रस्तुत किये जा चुकें है। उन्हांने कहा कि सरकार का दायित्व केवल कार्यकाल पूरा नहीं होता, बल्कि एक अच्छी सरकार का दायित्व युवाओं को रोजगार व समाज के सभी वर्गों के साथ ही प्रदेश का सर्वांगीण विकास करना होता है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्तमान सरकार सभी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के साथ ही युवाओं को रोजगार कैसे मिलें, इसके लिए निरन्तर चिन्ता करती है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर निवेश के प्रस्ताव प्राप्त किये गये है, इससे रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे। राज्यमंत्री ने उपस्थित निवेशकों से निवेश धरातल पर उतारने से संबंधित आ रही समस्याओ को सुनते हुए कहा कि निवेश को धरातल पर उतारें, प्रदेश सरकार हर सम्भव मदद उपलब्ध करायेंगी तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा आपके सभी समस्याओं का समाधान त्वरित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निवेश मित्रों की भर्ती की जा रहीं है, जो आपकी सहायता करेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि निवेशकों/व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय, लापरवाही पाये जाने पर सम्बनिधत अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्हांने निवेशकों से कहा कि वे अपने प्रोजेक्ट का पूर्ण रिपोर्ट तैयार कर धरातल पर उतारें, कहीं पर भी समस्या आती है, तो तत्काल अवगत करायें, त्वरित निस्तारण किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे तथा जनपद का तेजी से विकास भी होगा। राज्यमंत्री ने कहा कि उ0प्र0 को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने के साथ ही विद्युत आपूर्ति एवं आधारभूत संरचना-सड़क आदि विकास के कार्य किये जा रहें है। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी की ओडीओपी-केला को बढ़ावा एवं प्रोत्साहित करने के लिए भी अनेक कार्य किये जा रहें है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई औद्योगिक निवेश नीति के अन्तर्गत निवेश करने वाले नव उद्यमियों को-स्टाम्प ड्यूटी में छूट (बुन्देलखण्ड एवं पूर्वांचल में 100 प्रतिशत), एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, पूॅजीगत सब्सिडी एवं ब्याज सब्सिडी, एमएसएमई सेक्टर में गुणवत्ता सुधार को प्रोत्साहन, एमएसएमई सेक्टर में पर्यावरण सुधार के लिए उपायों को प्रोत्साहित करना, इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी में छूट, तकनीकी उन्नयन योजना में छूट, प्रदेश में स्थापित होने वाले नये सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को उनके द्वारा किये गये स्थायी पूंजी निवेश के आधार पर सूक्ष्म इकाईयों को 25 प्रतिशत, लघु इकाईयों को 20 प्रतिशत निवेश प्रोत्साहन सहायता दिया जायेगा एवं प्रदेश में स्थापित होने वाले नये सूक्ष्म उद्योग के लिए पूंजीगत ब्याज उपादान के सम्बन्ध में ऋण पर देय वार्षिक ब्याज का 50 प्रतिशत अधिकतम रू० 25 लाख प्रति इकाई 05 वर्षों के लिये सुविधायें प्रदान की जा रही हैं बैठक में निवेशकों द्वारा राज्यमंत्री से जनपद में औद्योगिक क्षेत्र को शीघ्र विकसित कर भूखण्ड आवंटित किये जाने, जनपद में यू0पी0 सीडा का कार्यालय खोले जाने एवं विद्युत की बेहतर आपूर्ति आदि सुविधा उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया, जिस पर राज्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों को हर सम्भव सुविधा उपलब्ध करायी जायेंगी। बैठक में जिलाधिकारी ने निवेशकों से कहा कि एन0ओ0सी0 सहित सभी समस्याओं का समाधान तत्काल किया जायेंगा। जनपद में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही की जा रहीं है। उन्हांने कहा कि जनपद में एनएच के चौड़ीकरण के साथ ही राम वनगमन मार्ग एवं एयरपोर्ट प्रयागराज से उत्खनन स्थल तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य की कार्यवाही तेजी से चल रहीं है। उन्होंने कहा कि आपके उद्योगों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यकतानुसार पुलिस चौकी भी बनायी जायेंगी इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा भाजपा जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता लाल बहादुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## मारपीट कर नगदी छीन कर वाहन सीज करने का एआरटीओ पर आरोप

**कौशाम्बी।** वाहनों की चेकिंग के दौरान दो ट्रैक्टर चालको को मारपीट कर उनसे 21 हजार रुपए नगद छीन लेने के बाद वाहनों को सीज कर कोखराज थाने में खड़ा करा देने का आरोप एआरटीओ कौशांबी तारकेश्वर मल्ल पर लगा है ट्रैक्टर के वाहन चालकों ने बताया कि उनके मोबाइल के कवर में 21 हजार रुपए रखा था उनका मोबाइल रुपए समेत एआरटीओ ने छीन लिया है और बाद में एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल ने मोबाइल वापस दे दिया है लेकिन एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल द्वारा चालको से छीना गया 21 हजार रुपया चालको को वापस नहीं दिया गया है जिससे चालकों में आक्रोश व्याप्त है उन्होंने मामले की जानकारी अपने वाहन स्वामियों को दी है जिस पर एआरटीओ कौशांबी तारकेश्वर मल्ल के विरुद्ध अदालत से लूट छिनैती मारपीट का मुकदमा दर्ज कराने के लिए वाहन स्वामी तैयार दिखाई पड़ रहे हैं।

## सरकारी वेतन लेकर साहब के घर पर ड्यूटी दे रहा है सफाई कर्मी!

**बिना ड्यूटी दे सफाई कर्मी के वेतन दिए जाने की शासन से जांच हुई तो एडीओ पंचायत नेवादा पर भी हो सकती है बड़ी कार्रवाई**

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** जिले के गांव क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था चौपट करने के पीछे पंचायत विभाग के अधिकारियों की भी अहम भूमिका देखी जा रही है जिससे गांव क्षेत्र में गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है अधिकारियों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से अपने लाभ के लिए किए जा रहे कार्य पर इन अधिकारियों के विरुद्ध कौन कार्रवाई करेगा यह योगी सरकार की व्यवस्था में सवाल खड़े हो रहे हैं नेवादा ब्लॉक के औधन फरीदपुर गांव में तीन सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया है जिसमें एक सफाई कर्मचारी पंचायत विभाग के एक बड़े साहब के घर की ड्यूटी बजा रहा है जिससे गांव में साफ सफाई की व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है वेतन सरकारी कार्यालय से दिए जाने के बाद पंचायत विभाग के बड़े अधिकारी के घर सफाई कर्मी जी हुजूरी कर मैडम का कारखास बना हुआ है जिससे सफाई कर्मी पर साहब भी कार्रवाई करने का साहस नहीं कर पा रहे हैं साहब के घर में जी हुजूरी करने वाले सफाई कर्मी की ग्राम पंचायत में बिना ड्यूटी दिए ही उसकी हाजिरी भी भरी जा रही है जिससे उसे में लगातार वेतन मिल रहा है। बताया जाता है कि सुशील कुमार शर्मा अशोक कुमार और सुशील कुमार मिश्रा सफाई कर्मचारियों की औधन फरीदपुर गांव में तैनाती की गई है लेकिन दो सफाई कर्मचारी गांव में कभी कभी ड्यूटी देते हैं और एक सफाई कर्मचारी विभागीय एक साहब के आवास पर ड्यूटी देता है वेतन तो सरकारी कार्यालय से निकलता है लेकिन ड्यूटी साहब के आवास में दी जाती है साहब कार्यालय चले आते हैं और सफाई कर्मचारी साहब के घर में कौन सी ड्यूटी देता है यह कोई बताने वाला नहीं है आखिर यह कौन सा सरकारी नियम है कि सरकारी वेतन से साहब के घर पर कर्मी ड्यूटी देगा। गांव में सफाई कर्मचारी के न पहुंचने के चलते गांव की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है कई बार ग्रामीणों ने शिकायत की है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है नालियां बज बजा रही हैं गलियों में कीचड़ जमा है कभी गांव में झाड़ू नहीं लगता है बिना ड्यूटी दे सफाई कर्मी के वेतन दिए जाने के मामले की शासन स्तर से जांच हुई तो एडीओ पंचायत नेवादा पर भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# दो निरीक्षक सहित ग्यारह उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

**श्रवण कुमार सिंह एवं अभिषेक गुप्ता के हांथ से छीन ली गई थाना की कमान**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दो निरीक्षक एवं ग्यारह उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया गया। अपराध पर अंकुशविहीन थाना प्रभारी पिपरी श्रवण कुमार सिंह के हांथ से पिपरी थाना की कमान छीनकर प्रभारी चुनाव सेल बना दिया गया है तो वहीं प्रभारी चुनाव सेल में रहे निरीक्षक विनीत सिंह को पिपरी थाना प्रभारी नियुक्त किया गया। उपनिरीक्षक अभिषेक गुप्ता के हांथ से संदीपन घाट थाना की बागडोर छीनकर इसी थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी प्रभारी बनाया गया एवं मूरतगंज चौकी प्रभारी रहे उप निरीक्षक राकेश राय को संदीपन घाट थाना प्रभारी बनाया गया। उपनिरीक्षक अयोध्या कुमार को चायल चौकी से हटाकर सैयद सरावा चौकी प्रभारी बनाया गया और सैयद सरावा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मनोज तोमर को वहां से हटाकर चायल चौकी का इंचार्ज बनाया गया। उपनिरीक्षक मो जमीर को कोखराज थाना से हटाकर क्राइम ब्रांच प्रभारी बनाया गया है। चौकी प्रभारी कादीपुर उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा को कादीपुर चौकी से हटाकर मंझनपुर थाना से संबंध कर दिया गया है और उपनिरीक्षक चंद्र बली सरोज को चरवा थाना से हटाकर कादीपुर चौकी की जिम्मेदारी दी गई है उपनिरीक्षक राम प्रवेश सिंह को चौकी प्रभारी शमसाबाद से हटाकर लोधौर चौकी इंचार्ज बनाया गया है और लोधौर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी शमसाबाद बनाया गया। उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्य पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी कोरई बनाए गए तो पुलिस लाइन में रहे उपनिरीक्षक धीरज जायसवाल को चौकी प्रभारी नारा बनाया गया।

## बार-बार भ्रस्टाचार बार-बार तैनाती आखिर अधिकारियों की क्या है मनसा!

**अखंड भारत संदेश**



**सरकारी रकम में धांधली के चलते मुकदमा दर्ज कराकर पंचायत सचिव की हो चुकी गिरफ्तारी लेकिन फिर भी डीपीआरओ है मेहरबान**

**पंचायत विभाग के भ्रष्टाचार के चलते 70 प्रतिशत से अधिक की रकम कमीशन खोरी और हिस्से बटवारे की भेंट चढ़ रही है**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार में अंधेरगर्दी भ्रष्टाचार लूट खसोट की स्थितियां यह हो गई है कि जो अधिकारी कर्मचारी जितना बड़ा भ्रष्ट बेईमान है विभागीय अधिकारियों की नजर में उस बेईमान भ्रष्ट की इज्जत उतनी ज्यादा बढ़ती जाती है भ्रष्ट बेईमान कर्मचारी और पंचायत सचिव के विभागीय अधिकारी उसे उतना ज्यादा संरक्षण देने का प्रयास कर रहे हैं जिससे जिले की ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त होता जा रहा है इन दिनों कौशांबी जिले के पंचायत विभाग में इस कदर भ्रष्टाचार है कि बीते 50 वर्षों में कौशांबी जनपद में कभी इतना भ्रष्टाचार नहीं था ग्राम पंचायतों के विकास के लिए मिलने वाली रकम का 30 प्रतिशत हिस्सा भी ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे कार्यो में नहीं खर्च होता दिख रहा है पंचायत विभाग के भ्रष्टाचार के चलते 70 प्रतिशत से अधिक की रकम कमीशन खोरी और हिस्से बटवारे की भेंट चढ़ रही है भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायत सचिव को पंचायत विभाग के अधिकारी खुलेआम संरक्षण देने पर उतारू हो गए हैं जबकि निष्पक्ष जांच हो जाए तो करोड़ो रुपए घोटाले के आरोपी सतीश चौधरी साबित होंगे लेकिन अधिकारियों के संरक्षण देने के चलते योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

गौरतलब है कि पंचायत सचिव सतीश चौधरी पर लगातार सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार धांधली कर सरकारी रकम डकारने का आरोप लग रहा है तमाम मामलों की शिकायत करते करते तो ग्रामीण थक हार कर बैठ जाते हैं और जांच इनकी नहीं हो पाती है लेकिन कुछ मामलों में जांच होने के बाद पंचायत सचिव सतीश चौधरी दोषी करार दिए गए कुछ मामले में मुकदमा भी दर्ज हुआ और पंचायत सचिव सतीश चौधरी की गिरफ्तारी भी हुई इन्हें जेल की हवा भी खानी पडी लेकिन उसके बाद पंचायत सचिव सतीश चौधरी को फिर भ्रष्टाचार करने की छूट देने के लिए ग्राम पंचायतों में तैनात कर दिया गया जबकि भ्रष्टाचार का आरोप पुष्ट होने के बाद उन्हें बर्खास्त किए जाने की कार्यवाही शुरू होनी चाहिए इनसे सरकारी रकम की रिकवरी कराए जाने की कार्यवाही शुरू होनी चाहिए लेकिन बर्खास्त कर सरकारी रकम की रिकवरी कराए जाने के बजाय अधिकारियों ने पंचायत सचिव सतीश चौधरी को संरक्षण देकर उनके गुनाह को माफ करने की योजनाएं बनाना शुरू कर दिया सिराथू विकास खंड क्षेत्र के कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत सहित कई गांव में पंचायत सचिव सतीश चौधरी तैनात रह चुके हैं बार-बार धांधली भ्रष्टाचार के चलते ग्रामीणों की शिकायत पर उन्हें हटाकर भ्रष्टाचार की जांच कर कार्यवाही करने के बजाय मामले को ठंडे बस्ते में दबा दिया जाता है जिससे इनके प्रत्येक धांधली की जांच नहीं हो पाती है लेकिन कुछ दिन बाद फिर उसी क्षेत्र में पंचायत सचिव सतीश चौधरी की तैनाती कर दी जाती है और यह फिर अपनी आदत के अनुसार ग्राम पंचायतों के विकास के लिए मिलने वाली सरकारी रकम को लूटने में लग जाते हैं पंचायत विभाग के अधिकारी तमाशबीन बने रहते हैं पंचायत सचिव सतीश चौधरी काशिय पश्चिम और उसके आसपास के गांव में चार बार तैनात किए जा चुके हैं और प्रत्येक बार इन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगने पर इन्हें कुछ दिनों के लिए हटाकर ग्रामीणों को ठंडा करने के प्रयास किया जाता है फिर उसी क्षेत्र में लूटने के लिए दोबारा तैनाती दे दिया जाता है आखिर भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायत सचिव सतीश चौधरी के अंदर कौन सी योग्यता है कि विकास भवन के अधिकारी पंचायत सचिव सतीश चौधरी पर मेहरबानी बनाए हुए हैं।

## चौकी इंचार्ज के सह पर कुआं की जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कुआं की जमीन पर दबंग लोग अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिए हैं। अवैध कब्जा की शिकायत बरियावा चौकी इंचार्ज और क्षेत्राधिकारी चायल से की जा चुकी है लेकिन कब्जाधारक अवैध कब्जा रोकने का नाम नहीं ले रहे हैं जिसमें चौकी इंचार्ज की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा में बचई लाल सेठ के परिजनों द्वारा अपने निजी धन से कुआं और जगत का निर्माण अपनी जमीन पर सैकड़ों वर्ष पूर्व कराया गया था बचई लाल सेठ के परिजनों द्वारा बनवाए गए इस कुएं से पूरे मोहल्ले को लोग पानी पीते थे वर्तमान में भी इस कुआ की पूजा शादी विवाह के अवसर पर ग्रामीण महिलाएं करती हैं लेकिन गांव के दबंगों द्वारा कुआं की जमीन और रास्ते की जमीन पर जबरिया निर्माण शुरू कर दिया गया है। चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा गांव निवासी बृजेंद्र कुमार केशरवानी ने बताया कि उनके पूर्वजों ने कुआं का निर्माण कराया था। लोगों को कुआं पर आने - जाने के लिए चारो तरफ दस फिट की जमीन छोड़ रखी थी लेकिन कुआं के चारो तरफ छोड़ी गई जमीन पर गांव के राजेश प्रजापति की नियत गंदी हो गई और उक्त जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। कुआं की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा के चलते गांव में भारी तनाव का माहौल बना हुआ है। यदि कुआं की जमीन पर अवैध कब्जा नही रुका तो गांव में बड़ी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है जिसके जिम्मेदार सिर्फ बरियावा चौकी इंचार्ज होंगे।बरियावा पुलिस

**कुआं की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा के चलते गांव में भारी तनाव का माहौल**



चौकी के संरक्षण में अवैध निर्माण कताओं ने कुआं की जमीन और रास्ते की जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया है जिससे कुआं तक आने-जाने के रास्ते बंद हो रहे हैं अवैध कब्जा करने वाले लोगों को पुलिस चौकी संरक्षण देकर जबरिया निर्माण करवा रही है जिससे कुआं की जमीन और रास्ते की जमीन सुरक्षित नहीं दिखाई पड़ रही है कुआ की जमीन और रास्ते की जमीन पर कब्जा रोके जाने की मांग बचाई लाल के पुत्र बृजेंद्र केसरवानी पत्रकार और ग्रामीणों ने तहसील और जिले के अधिकारियों से की है।



## सांसद ने जनता को समर्पित किया वाटर कूलर

**कौशांबी।** सांसद विनोद सोनकर ने महा शिवरात्रि एवं अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेनी राम कटरा के नगर वासियो को 500 लीटर का वाटर कूलर समर्पित कर एक जनहित का कार्य किया है वाटर कूलर लग जाने से क्षेत्र में आने जाने वाले राहगीरो व नगर वासियो को गर्मियों के महीने में ठंडा पानी पीने को मिल सकेगा नगर वासियो ने सांसद का आभार व्यक्त किया है।

## विद्युत विभाग कार्यालय का आज घेराव करेगी सकिपा

**कौशाम्बी।** विद्युत विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा के दौरान की जा रही विद्युत कटौती, उपभोक्ताओं के बिलों, मीटर रीडिंग और लोड बढ़ोत्तरी में की जा रही मनमानी को लेकर विद्युत विभाग कार्यालय मंझनपुर का घेराव समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे सोमवार 20 फरवरी को किया जायेगा और ऊर्जा मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अधिशाषी अभियंता को सौंपा जाएगा।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना पश्चिम शरीरा से एक, थाना सैनी से दो थाना कोखराज से दो कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**वांछित अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त दिलशाद उर्फ शाहबाबू पुत्र अपसार उर्फ लल्ला निवासी नया नगर प्रथम थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी थाना सराय किस पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त राम राज पुत्र ननका निवासी बेरूई थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

**शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिवानन्द पुत्र मुन्ना निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा के कब्जे से 09 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही :** कौशाम्बी जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 46 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# इंटरलॉक के बगल में घटिया ईट से निंधियावा गांव में हो रहा निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**खंड विकास अधिकारी अवर अभियंता ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज करा कर निलंबन कराने गिरफ्तारी कराने सरकारी रकम की रिकवरी कराने की ग्रामीणों ने की मांग**



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत निंधियावा में लगभग आधा किलोमीटर इंटरलॉकिंग का निर्माण क्षेत्र पंचायत सिराथू के बजट से कराया जा रहा है लेकिन ठेकेदार इस निर्माण कार्य में जमकर धांधली कर रहा है घटिया क्वालिटी की इंटरलॉकिंग लगाई जा रही है और इंटर लॉकिंग के बगल में लगाए जाने वाले ईट को तीसरे दर्जे की पीली ईट प्रयोग हो रहा है बताया जाता है कि एक ब्लाक प्रमुख के ईट भट्टे की जितनी कबाड़ निष्कासित ईट है ब्लाक प्रमुख के ईट भट्ठे की निष्कासित कबाड़ ईट को इन दिनों सिराथू विकासखंड क्षेत्र के सरकारी कार्यों में लगाया जा रहा है ब्लाक प्रमुख के ईट भट्टे की ईट होने के चलते अधिकारी ब्लाक प्रमुख के भट्टे की घटिया ईंट को नजरअंदाज करने का प्रयास कर रहे हैं निर्माण कार्य के ठेकेदार और ब्लॉक के अधिकारियों की धांधली से सरकारी रकम की लूट मची है आला अधिकारी मूकदर्शक बने हैं बताया जाता है कि ब्लाक प्रमुख बड़े नेताओं के संरक्षण में फल-फूल कर योगी सरकार की छवि धूमिल करने पर लगे हुए हैं घटिया क्वालिटी के निर्माण के मामले में सीडीओ डीएम ने भी अभी तक गंभीरता से लेकर घटिया निर्माण में लगे अवर अभियंता खंड विकास अधिकारी सिराथू ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर सरकारी रकम की रिकवरी कराने का प्रयास नहीं किया है इतना ही नहीं मानक विहीन निर्माण करने वाले ठेकेदार अवर अभियंता के साथ-साथ खंड विकास अधिकारी की गिरफ्तारी कराकर इनके निलंबन का भी प्रयास अभी तक आला अधिकारियों द्वारा शुरू नहीं हुआ है जिससे घटिया निर्माण में लगे ठेकेदारों को संरक्षण देने वाले विकासखंड सिराथू के अधिकारियों के हौसले बुलंद हैं इलाके के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया निर्माण में लगे ठेकेदार के ऊपर मुकदमा दर्ज करा के सरकारी रकम की रिकवरी कराए जाने की मांग की है इलाके के लोगों ने कहा कि अवर अभियंता और खंड विकास अधिकारी सिराथू पर मुकदमा दर्ज कराते हुए इन अधिकारियों के निलंबन और गिरफ्तारी कराकर योगी सरकार में भ्रष्टाचार और मानक विहीन निर्माण पर रोक लगाई जाए।

## मानक के विपरीत बनाई जा रही है इंटरलॉकिंग सड़क

**हर्रायपुर कौशांबी।** मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आदमपुर नादिर अली गांव में इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जा रहा है छीता पुर से पथराहा तक आधा किलोमीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में जमकर धांधली हो रही है घटिया क्वालिटी की इंटरलॉकिंग लगाई गई है जमीन का समतलीकरण ठीक से नहीं किया गया है जिससे इंटरलॉकिंग सड़क धंस जाने की उम्मीद जताई जाती है सड़क के दोनों तरफ किनारे में ईट भट्टे की ईंट लगाई जा रही है यह ईट बेहद घटिया क्वालिटी के तीसरे दर्जे की है लेकिन सब कुछ बेखौफ तरीके से निर्माण हो रहा है ब्लॉक से लेकर विकास भवन तक के अफसर घटिया निर्माण की जांच कर रोक लगाने नहीं पहुंचे हैं ग्रामीणों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया निर्माण पर रोक लगाकर ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



संपादकीय

## मातृभाषा में शिक्षा के महत्व को समझाना आवश्यक

**मानव** जिन ध्वनियों के माध्यम से विचारों का आदान-प्रदान और अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति करता है उसे भाषा कहा जाता है। मनुष्य जीवन की आरंभिक अवस्था में सहज और नैसर्गिक रूप से माता-पिता से जिस भाषा में संवाद करता है, सीखता है, समझता है, परिवार,समाज से जुड़ता है- उसे मातृभाषा कहा जाता है। भारत मे मातृभाषाओं की स्थितिःभारत में पिछले 50 वर्षों में 250 भाषाएँ जिन्हें हम बोलियां भी कह सकते हैं, विलुप्त हो गई हैं और लगभग 2900 विलुप्त होने की कगार पर हैं। इस सदी के प्रारंभ में ही अंडमान की अका-जेरु (2009) ,अका-बो(2010) ,अका-कारी(2020) बोलियाँ विलुप्त हो गई है। 2011के जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत में 19569 मातृ भाषाएं /बोलियां हैं जिन्हें जांच उपरांत युक्तिसंगत बनाने के उद्देश्य से मातृभाषा/बोलियों की 121 श्रेणियों में बांटा गया है। उनमें से भी केवल 22 भाषाओं को भारतीय संविधान की आठवीं सूची में स्थान मिल सका है। मातृभाषा का महत्वःकिसी भी राष्ट्र के लिए मातृ भाषाएं उन्नति का आधार होती है और उनका विलुप्त होना शुभ नहीं होता, क्योंकि किसी भाषा के विलुप्त होने का मतलब है उसमें संचित ज्ञान- विज्ञान,कला- कौशल, अनुभव, संवेदना, संस्कार, संस्कृति, साहित्य, शिल्प, संगीत आदि का विलुप्त हो जाना। मातृभाषा में शिक्षा क्योंःमनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकताओं आदि का मानना है कि मातृभाषा में शिक्षा शिक्षार्थी में आत्मविश्वास बढ़ाती है, हीन भावना से मुक्ति दिलाती है, स्कूल में दाखिला बढ़ाती है, कक्षाओं में उपस्थिति बढ़ाती है, बीच में ही शिक्षा छोड़ देने वाले विद्यार्थियों की संख्या में कमी लाती है, अपनी संस्कृति संरक्षित करती है, शिक्षा में अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाती है तथा मौलिक विचारों के पल्लवन के साथ नवाचारों की संभावनाओं को बल देती है। अपनी मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान और शिक्षा बच्चों में जिज्ञ-ासा, तर्कशक्ति , अभिव्यक्ति तथा कौशल का भी संवर्धन करता है। मातृभाषा में शिक्षा के अवरोधक कौनः माता-पिता/अभिवावकों का अंग्रेजी शिक्षा के प्रति रुझान और यह मान्यता कि अंग्रेजी भाषा में शिक्षा प्राप्त कर लेने से उनके पुत्र/पुत्री की भारत और विदेशों में उच्च शिक्षा और रोजगार की अधिक संभावनाएं हैं। अच्छे स्कूल, शिक्षण सामग्री तथा शिक्षक का मातृभाषा में उपलब्ध न होना। समाज में अंग्रेजी स्कूलों को और अंग्रेजी माध्यम से प्राप्त शिक्षा वाले विधार्थियों को अच्छी नजर से देखा जाना। इतना ही नहीं मातृभाषाओं की संख्या अधिक होने से प्रत्येक मातृभाषा में शिक्षा देना शासन-प्रशासन के लिए असंभव जैसा प्रतीत होन । क्षेत्रीय भाषाओं को मातृभाषा से पहले महत्व दिया जाता है। मातृभाषा में शिक्षा के लिए क्या करेंः अभिभावकों को मातृभाषा में शिक्षा के महत्व को समझा कर मानसिक रूप से तैयार करना (कम से कम प्राथमिक फिर माध्यमिक स्कूल शिक्षा तक )समाज और शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्हें यह बताना भी जरूरी है कि बच्चों में शिक्षा के प्रति रुझान एवं सुदृढ़ मानसिक विकास के लिए यह आवश्यक है। हमें यह भी अभिवावकों/माता-पिता को बताना होगा की जब तक बच्चा शिक्षा रूपी ज्ञान को आत्मसात नहीं करेगा।

## क्या आपको भान है ? इन मिट्टी के बरतनों में जान है

सुनील महला

**आज का** युग धातुओं का युग है। इसलिए घरों में भी हम सभी अधिकतर धातुओं से बने बरतनों का ही उपयोग करते हैं। सच तो यह है कि आधुनिकता की चकाचौंध में और पाश्चात्य संस्कृति के रंग में रंगकर हम मिट्टी के बरतनों को लगभग लगभग बिसरा चुके हैं। आज घरों से मिट्टी के बरतन नदारद हैं और धातु के बरतनों का भंडार है। मसलन स्टील, एल्युमिनियम, तांबा, पीतल, कांसा,चांदी,लोहा आदि धातुओं के बरतन ही आज हमारे रसोईघरों में दिखते हैं। इनमें भी ज्यादातर हम स्टील, पीतल, तांबे,लोहे और एल्युमिनियम का ही उपयोग अधिक करते हैं। कांसे के बरतन,तांबे व पीतल,चांदी व लोहे जैसी धातुओं के बरतन भी कम ही घरों में आजकल दिखते हैं। हमारे घरों में एल्युमिनियम का उपयोग लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि प्रेशर कुकर ज्यादातर इसी धातु के बने होते हैं और एल्युमिनियम धातु को स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एल्युमीनियम के बर्तन भोजन के 80 प्रतिशत से ज्यादा पोषक तत्व समाप्त कर देते हैं। वैसे, बरतनों में चांदी, लोहा,पीतल, स्टील, कांसा सबसे अच्छे माने जाते हैं, इनमें भी कांसा और चांदी सबसे अच्छे होते हैं। कांसे के बरतन तो अब गांव घरों में ही पाये जाते हैं और युवा पीढ़ी तो इस धातु के बारे में ठीक तरह से जानती भी नहीं है। यदि हम यहाँ कांसा धातु की बात करें तो काँसा (संस्कृत कांस्य) संस्कृत कोशों के अनुसार श्वेत ताँबे अथवा घंटा बनाने की धातु को कहते हैं। विशुद्ध ताँबा लाल होता है; उसमें राँगा मिलाने से सफेदी आती है। इसलिए ताँबे और राँगे की मिश्रधातु को काँसा या कांस्य कहते हैं। इन सभी धातुओं के बीच आज हमारे घरों के रसोईघरों से जो चीज नदारद हो गई है, वह है मिट्टी से बने बरतन। हमारी सनातन भारतीय संस्कृति हमेशा से महान थी और रहेगी भी, जहाँ ऋषि मुनियों ने जीवन जीने के उत्तम तरीके बताये थे जिससे ना केवल हमारी आयु बढ़ती थी, बल्कि हम हमेशा के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ भी रहते थे। उसी में से एक था हमेशा मिट्टी के बने बर्तनों में भोजन बनाना। किंतु समय के साथ-साथ हमारे ऊपर पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव बढ़ता गया व आजकल लगभग हर घर में एल्युमीनियम के बर्तनों में खाना बनाया व खाया जाने लगा हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक हानिकारक हैं। आज घरों में धातुओं के बरतन के अधिक इस्तेमाल के कारणों में यह भी एक प्रमुख कारण है कि धातु से बने बर्तनों के टूटने का खतरा भी नही होता हैं जबकि मिट्टी के बर्तन गिरते ही टूट जाते हैं।कुछ लोग इसे अपनी ख्याति से भी जोड़कर देखते हैं और सोचते हैं कि मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाना निर्धन लोगों का कार्य हैं और यह कहीं न कहीं उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़ जाता है। एक कारण यह भी है कि आज बड़ी बड़ी नेशनल व मल्टीनेशनल कंपनियों के द्वारा जो बर्तन बनाये जाते हैं वही बर्तन सभी को दुकानों, शॉपिंग माल्स, ऑनलाइन वेबसाइट पर आसानी से मिल जाते हैं व साथ ही उनमें कई तरह के डिजाईन भी मिलते जिस कारण लोग उन्हीं को खरीदने में अपनी रूचि दिखाते हैं।आज कोई अपने घर में मिट्टी से बने बरतन रखता है तो उसे पिछड़ा हुआ समझा जाता है लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि मिट्टी के बरतन स्वास्थ्य की दृष्टि से सबसे अच्छे व बेहतरीन माने जाते हैं। आज भी बहुत से गांवों में दूध-दाल,सब्जी-भात,रोटी,चूरमा बनाने के लिए मिट्टी के बरतनों का उपयोग किया जाता है। पानी पीने के मटके तो आपको प्राचीन प्याऊं में मिल जायेंगे।

# सर्वांगीण विकास: मातृभाषाओं का जतन अतिआवश्यक

**भाषाई सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए हर साल 21 फरवरी को "अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस" मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम "बहुभाषी शिक्षा - शिक्षा को बदलने की आवश्यकता" यह है। यूनेस्को मातृभाषा या पहली भाषा के आधार पर बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहित और बढ़ावा देता है। मातृभाषा द्वारा घर और स्कूल के बीच के अंतर को कम करके परिचित भाषा में स्कूल के माहौल को बनाकर छात्र बेहतर सीखते हैं। अनुसंधान से पता चलता है कि मातृभाषा में शिक्षा समावेश और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है**




**दुनिया** में "मातृभाषा" शब्द जिसे हम माँ का दर्जा देकर व्यक्त होने की शक्ति कहते है, इस एक शब्द में ही एक विशेष क्षेत्र का संसार बसा है। इसमे संस्कृति, ज्ञान, पहचान, शिक्षा, परंपरा, रीति-रिवाज, कलाकौशल, पहनावा, त्योहार, व्यवहार, कार्यपद्धति, व्यवसाय, जीवनशैली जैसे जीवनभर के विविधतापूर्ण चरणों का समावेश होता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरण होते रहते है। उदहारण के लिए आदिवासी भाषाएं एक क्षेत्र के वनस्पतियों, जीवों और औषधीय पौधों के बारे में ज्ञान का खजाना हैं। हालाँकि, जब किसी भाषा का पतन होता है, तो वह ज्ञान प्रणाली पूरी तरह से समाप्त होकर विविधतापूर्ण चरणों का एक विशेष ज्ञानरूपी संसार का अंत हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपनी मातृभाषा का ज्ञान गर्व का विषय है एवं मातृभाषा के जतन व प्रसार के लिए सभी ने सर्वदा प्रयासरत होना ही चाहिए। "मातृभाषा" यह उस भाषा को संदर्भित करता है, जो बच्चे को जन्म के बाद सुनने को मिलती है जिसे एक बच्चा जन्म से सीखता है, यह हमारी भावनाओं और विचारों को एक निश्चित आकार देने में मदद करती है। अन्य महत्वपूर्ण सोच कौशल, दूसरी भाषा सीखने और साक्षरता कौशल में सुधार के लिए मातृभाषा में सीखना महत्वपूर्ण है। व्यापक विकास के लिए मातृभाषा में बोलना-सीखना बहुत आवश्यक है, यह अपनेपन की भावना प्रदान कर अपनी जड़ों को समझने में मदद करती है। यह संस्कृति से जोड़ कर उन्नत संज्ञानात्मक विकास सुनिश्चित करती है, और विभिन्न भाषाओं की सीखने की प्रक्रिया में सहायता है। भाषाई सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए हर साल 21 फरवरी को "अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस" मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम "बहुभाषी शिक्षा - शिक्षा को बदलने की आवश्यकता" यह है। यूनेस्को मातृभाषा या पहली भाषा के आधार पर बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहित और बढ़ावा देता है। मातृभाषा द्वारा घर और स्कूल के बीच के अंतर को कम करके परिचित भाषा में स्कूल के माहौल को बनाकर छात्र बेहतर सीखते हैं। अनुसंधान से पता चलता है कि मातृभाषा में शिक्षा समावेश और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है, और यह सीखने के परिणामों और शैक्षणिक प्रदर्शन में भी सुधार करती है। मातृभाषा पर आधारित बहुभाषा शिक्षा सभी शिक्षार्थियों को समाज में पूर्ण रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है। यह आपसी समझ और एक दूसरे के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती है और सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत की संपत्ति को संरक्षित करने में मदद करती है जो दुनिया भर की हर भाषा में निहित है।

अनेक देशो के अधिकांश छात्रों को उनकी मातृभाषा के अलावा अन्य भाषा में पढ़ाकर छात्रों के सीखने की उनकी क्षमता से समझौता किया जाता है। अनुमान है कि दुनिया की 40% आबादी की उस भाषा में शिक्षा तक पहुंच नहीं है जिसे वे बोलते या समझते हैं। लुप्त हो रही या लुप्त होने की कगार पर खड़ी अनेक भाषाओं को पुनर्जीवित करना बहुत जरुरी है। हर 15 दिन में एक भाषा अपने साथ पूरी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत लेकर गायब हो जाती है। दुनिया में बोली जाने वाली अनुमानित 7000 भाषाओं में से कम से कम 43% लुप्तप्राय हैं। इस सदी के अंत तक 1,500 ज्ञात भाषाएँ खत्म हो जाएगी। आधुनिकता, वर्तमान उच्च शिक्षा और गतिशीलता कुछ छोटी भाषाओं को हाशिए पर डालकर कमजोर कर देती है। 7,000 विश्व भाषाओं में से 90% का उपयोग 1 लाख से कम लोगों द्वारा किया जाता है। 10 लाख से अधिक लोग 150-200 भाषाओं में बात करते हैं। वास्तव में, दुनिया में मातृभाषा (पहली भाषा) के रूप में सबसे लोकप्रिय भाषा मंदारिन चीनी है, 2022 में 929 मिलियन लोग हैं जो इस भाषा को बोलते हैं, दूसरे स्थान पर स्पेनिश है, और तीसरे स्थान पर अंग्रेजी है उसके बाद हिंदी और फिर बंगाली है। एशिया में विश्व की 2,200 भाषाएँ हैं, जबकि यूरोप में 260 हैं। यूनेस्को का कहना है कि 2,500 भाषाओं के विलुप्त होने का खतरा है। भारत में 121 ऐसी भाषाएँ हैं जो 10,000 या उससे अधिक लोगों द्वारा बोली जाती हैं। 2011 की जनगणना के विश्लेषण के अनुसार, भारत में 22 अनुसूचित भाषाएँ हैं, और देश की 96.71 प्रतिशत आबादी की इनमें से एक मातृभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी यह है। 2011 के जनगणना अनुसार, देश के 52.8 करोड़ लोगों द्वारा हिंदी सबसे अधिक बोली जाने वाली मातृभाषा है, जो जनसंख्या का 43.6 प्रतिशत है। उसके बाद, 9.7 करोड़ लोग या 8 प्रतिशत आबादी बंगाली बोलती है, जिससे यह देश की दूसरी सबसे लोकप्रिय मातृभाषा बन गई है। भारत ने 1961 के बाद से 220 भाषाओं को खो दिया है। अगले 50 वर्षों में और 150 भाषाएँ लुप्त हो सकती हैं, उदाहरण के तौर पर पीपुल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार, सिक्किम में खत्म होने के कगार पर माझी भाषा है। वर्तमान में सिर्फ चार लोग हैं जो माझी बोलते हैं और वे सभी एक ही परिवार के हैं। आज के आधुनिकता के समय में हम खुद अपनी मातृभाषा में बात करने को शर्माते है और अन्य भाषा में बात करने पर गर्व महसूस करते है। यदि कोई व्यक्ति अपनी मातृभाषा में बात करे तो उसे निम्नस्तर गिना जाता है, ये हमारा कौनसा विकास है जो हमें अपने ही संस्कृति से दूर ले जा रहा है। हमारी मातृभाषा, ज्ञान संस्कार के विरोधक हम खुद है अगर हम अपनी बोलीभाषा को बढ़ावा नहीं देते है तो। आज हमारे भारत देश की राष्ट्रीय भाषा "हिंदी" विश्वस्तर पर सबसे ज्यादा बोली जानेवाली भाषाओ में से एक के रूप में तेजी से बढ़ रही है। बंगाली, पंजाबी, उर्दू और तमिल भी अनेक देशों में आधिकारिक भाषा के रूप में जानी जाती है। बड़ी संख्या में विदेशी लोग भारतीय भाषाओं का ज्ञान आत्मसात कर रहे है, विश्वस्तर पर विदेशी विद्यापीठों, शिक्षासंस्थानों, डिजिटल तकनीक और ऑनलाइन व्यवहार में भारतीय भाषाओं को सम्मिलित किया जा रहा है। सरकार भी अब उच्च व व्यावसायिक शिक्षा को क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाने पर जोर देने के लिए प्रयासरत है। हमारे देश की क्षेत्रीय भाषा की फिल्में दुनियाभर में नया इतिहास रच रही है। चाहे कितनी भी भाषा सीख ले, परन्तु अपनी मातृभाषा में बात, व्यवहार करना और उसे अगली पीढ़ी तक सही ढंग से सहेजकर हस्तांतरित करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, आधुनिकता के लिए अपनी पीढ़ी दर पीढ़ी की पहचान ना भूलें। मातृभाषा पर हमेशा गर्व रहें, शर्म नहीं।

**हमारी मातृभाषा, ज्ञान संस्कार के विरोधक हम खुद है अगर हम अपनी बोलीभाषा को बढ़ावा नहीं देते है तो। आज हमारे भारत देश की राष्ट्रीय भाषा "हिंदी" विश्वस्तर पर सबसे ज्यादा बोली जानेवाली भाषाओ में से एक के रूप में तेजी से बढ़ रही है**

# हिंडनबर्ग मामले में विश्वास का संकट

प्रेम शर्मा

**अडानी** हिंडनबर्ग रिपोर्ट मामले में भारतीय युवक कांग्रेस भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को लेकर ये चैथी याचिका है। हिंडनबर्ग को लेकर सरकार के तर्कों को दरकिनार कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने सरकार और सरकारी एजेन्सियों के प्रति अविश्वास का संकट पैदा कर दिया है।इस पर आश्चर्य नहीं कि सुप्रीम कोर्ट अदाणी मामले पर विशेषज्ञ समिति का गठन करने जा रहा है, जो अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और उसके प्रभाव की जांच करेगी। निःसंदेह इसकी तह तक जाने की आवश्यकता है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में कितनी सत्यता है, क्योंकि उसने भारतीय शेयर बाजार पर गहरा प्रभाव डाला है।

इस रिपोर्ट के चलते जहां अदाणी समूह को हानि उठानी पड़ी, वहीं शेयर धारकों को भी। सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि वह अपने अनुसार विशेषज्ञ समिति का गठन करेगा। आखिर जब सरकार स्वयं विशेषज्ञ समिति गठित करने के सुझाव से सहमत थी, तब फिर उसका सहयोग लेने से मना क्यों किया गया ? अदाणी मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित की जाने वाली समिति से केवल यही अपेक्षित नहीं है कि वह हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और उसके प्रभाव का आकलन करे बल्कि यह भी अपेक्षित है कि वह ऐसे उपाय सुझाए जिससे शेयर बाजार पर निवेशकों का भरोसा बढ़े। यह ऐसा मामला है जिसके कारण भारत की वैश्विक शाख के साथ भारतीय अर्थव्यस्था पर खतरा उत्पन्न हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह विशेषज्ञ समिति गठित करने में सरकार का सहयोग लेने से इनकार किया, इससे उसने उस पर अविश्वास ही प्रकट किया। इसके साथ-साथ उसने सरकारी एजेंसियों पर भी अविश्वास प्रकट किया। उसके रवैये से ऐसा कुछ ध्वनित होना स्वाभाविक है कि वह पारदर्शिता के नाम पर समानांतर व्यवस्था बनाना चाहता है। सुप्रीम कोर्ट का मंतव्य कुछ भी हो, लेकिन सरकार और उसकी एजेंसियों पर अविश्वास प्रकट करना ठीक नहीं। पता नहीं, सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित होने वाली विशेषज्ञ समिति में कौन सदस्य होंगे, लेकिन प्रभावी जांच के लिए उसमें नियामक एजेंसियों के लोग होने ही चाहिए।अदाणी मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित की जाने वाली समिति से केवल यही अपेक्षित नहीं है कि वह हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और उसके प्रभाव का आकलन करे, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि वह ऐसे उपाय सुझाए, जिससे शेयर बाजार पर निवेशकों का भरोसा बढ़े और भविष्य में हिंडनबर्ग जैसी कोई रिपोर्ट किसी भारतीय कंपनी और हमारे शेयर बाजार पर नकारात्मक प्रभाव न डाल सके। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह आशंका बढ़ गई है कि भविष्य में हिंडनबर्ग सरीखी संस्थाओं की ओर से अपने निहित स्वार्थों को पूरा करने के लिए भारतीय कंपनियों को निशाना बनाया जा सकता है। यह आशंका इसलिए और बढ़ गई है, क्योंकि हाल में अमेरिका के अरबपति निवेशक जार्ज सोरोस ने नए सिरे से मोदी सरकार पर निशाना साधा है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने आलोचक हैं। इसमें हर्ज नहीं, लेकिन यह चिंता की बात है कि वह भारत में हस्तक्षेप करने के इरादे से लैस नजर आ रहे हैं।

कई देशों में अनुचित हस्तक्षेप करने और वहां की सत्ताओं को अस्थिर करने के आरोपों का सामना कर रहे जार्ज सोरोस के इरादे ठीक नहीं, इसका पता इससे चलता है कि उनके हालिया बयान की निंदा कांग्रेस को भी करनी पड़ी। अब जब सुप्रीम कोर्ट अदाणी मामले में जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने जा रही है, तब उचित यह होगा कि कांग्रेस संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की अपनी मांग का परित्याग करे।केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि शेयर बाजार के लिए नियामकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित करने के प्रस्ताव को लेकर उसे कोई आपत्ति नहीं है। शीर्ष न्यायालय हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह के शेयरों में गिरावट के मामले की सुनवाई कर रहा है। केंद्र सरकार ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया था कि व्यापक हित को देखते हुए वह सीलबंद लिफाफे में समिति के लिए विशेषज्ञों के नाम और उसके कार्यक्षेत्र की जानकारी देना चाहती है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस सुझाव को मानने से मना कर दिया है। हिंडनबर्ग मामले की सुनवाई में केंद्र सरकार और बाजार नियामक सेबी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि रेगुलेटर और अन्य वैधानिक इकाइयां हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद उपजी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा था, सरकार को समिति बनाने में कोई आपत्ति नहीं है।

लेकिन विशेषज्ञों के नामों का सुझाव हम दे सकते हैं। हम सीलबंद लिफाफे में नाम सुझा सकते हैं।मेहता ने आशंका जताई थी कि पैनल बनने पर किसी भी अनजाने मैसेज का धन प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इसी के बाद शीर्ष अदालत ने निवेशकों को नुकसान पहुंचाने और अडानी समूह के शेयरों को कृत्रिम तरीके से गिराने संबंधी दो जनहित याचिकाओं (पीआईएल) को शुक्रवार को सुनवाई के लिए लिस्ट किया था। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ने अडानी समूह के शेयर बाजारों में गिरावट की पृष्ठभूमि में 10 फरवरी को कहा था कि भारतीय निवेशकों के हितों की रक्षा की जरूरत है। न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित कर नियामकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए विचार करने के लिए कहा था।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, हम कोई सीलबंद कवर नहीं चाहते हैं। हम पूरी पारदर्शिता चाहते हैं... अगर हम इन सुझावों को स्वीकार करते हैं, तो इसे सरकार की ओर से नियुक्त समिति के रूप में देखा जाएगा, जो हम नहीं चाहते। फैसला हम पर छोड़ दें।

कुल मिलाकर अब तक हिंडनबर्ग को लेकर विपक्ष, सरकार, सुप्रीम कोर्ट की जो भी भूमिका नजर आ रही है उसे देखकर यह अवश्य कहा जा सकता है कि भारत की अर्थव्यवस्था में उथल पुथल मचा देने वाले इस मामले में अब दूध का दूध और पानी का पानी करने का समय आ चुका है। जहॉ तक सरकार एवं सरकारी एजेसिंयों पर विश्वास का संकट उत्पन्न हुआ है उसे अपरिहार्य कारणों से दरकिनार कर इस मामले की सच्चाई को सामने लाना सरकार एव जिम्मेदारों का फर्ज है।

# एयर इंडिया की बंपर खरीद का जरा संदेश भी समझिए

आर.के. सिन्हा

**एयर इंडिया** ने 470 अत्याधुनिक यात्री विमान के ऑर्डर देने के साथ ही एक इतिहास ही रच दिया है। मजे की बात यह है कि एयर इंडिया के पास अब भी 370 जेट और खरीदने का विकल्प बचा हुआ ही है। उसके इस फैसले से सारी विमान सेवाओं की दुनिया में भूचाल सा आ गया। अब एक और आंकड़े पर गौर करें। एक अनुमान के मुताबिक, इस साल 19 करोड़ देसी-विदेशी यात्री भारत के ऊपर से हवाई यात्रा करेंगे। कितना बड़ा है यह आंकड़ा। इस आंकड़े के आलोक में समझना होगा कि देश-दुनिया का एविएशन सेक्टर किस रफ्तार से छलांग लगा रहा है। इसलिए एयर इंडिया का करीब पौने पांच सौ विमानों को खरीदने का फैसला साबित करता है कि उसके इरादे साफ हैं और इच्छा शक्ति बुलंद भी । एयर इंडिया अपने को दुनिया की एक चोटी की एयरलाइंस के रूप में स्थापित करने का पूरा मन बना चुकी है। वह यूं ही तो इतना अधिक निवेश नहीं कर रही है। हालांकि अभी तो भारत में ही ल्एयर इंडियाह् से बहुत आगे इंडिगो है। उसके पास 308 विमान हैं और भारत के एविएशन सेक्टर में उसकी 55 फीसद हिस्सेदारी भी है। पर अगर आपके पास आगे की योजनाएं और दुनिया को जीतने का जज्बा ही नहीं है तो फिर आपके बिजनेस करने का कोई मतलब ही नहीं है। दरअसल एयर इंडिया या बाकी अन्य भारतीय एयरलाईंसों को अपने को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस साबित करने की तरफ बढ़ना होगा। अभी तक उनकी आपस में ही स्पर्धा रहती है। दरअसल कोरोना काल के बाद देश में अचानक हवाई यात्रा की मांग में भारी तेजी देखने को मिल रही है। इसी के चलते भारत की घरेलू एयरलाइंस कम्पनियाँ एक हजार से ज्यादा नए विमानों का आर्डर करने जा रही हैं। जिसकी शुरूआत टाटा ग्रुप की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया ने कर भी दी है। आपको याद ही होगा कि पिछले साल टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया को टेकओवर कर लिया था। जब टाटा ने एयर इंडिया को अपने नियन्त्रण में लिया था, तब तक एयर इंडिया के विमानों तथा सर्विस की हालत बेहद शोचनीय सी हो गई थी। आप विमान यात्रा करने वाले किसी भी इंसान से पूछ लें कि एयर इंडिया किस तरह की सर्विस अपने ग्राहकों को दे रही थी। एक ही जवाब मिलेगा, बेहद खराब। सरकारीकरण ने एयर इंडिया को तबाह कर दिया था। उसे फिर से पटरी पर लाने के लिए टाटा मैनेजमेंट को कई स्तरों पर कई बरसों तक काम करते रहना होगा। अगर वह इस मोर्चे पर सफल रहा तो फिर उसके पास सारा आकाश होगा। एयर इंडिया ने नए विमानों का आर्डर बोइंग और एयरबस कंपनियों को दिया है। एयर इंडिया ने वाइड और नैरो बॉडी दोनों ही तरह के विमानों का आर्डर दिया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में विमानों का आर्डर देने का यह एक विश्व रिकॉर्ड है जो पहले अमेरिकी एयरलाइंस के नाम था जिसने 2011 में 460 विमानों का आर्डर एक साथ दिया था। देखिए एयर इंडिया ने बहुत सोच-विचार करने के बाद ही इतने विमान लेने का फैसला किया है। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में कुल 230 विमान हैं। वह इतने कम विमानों से बहुत लंबी दूरी तक नहीं जा सकती। एयर इंडिया को फिलहाल इंडिगो के अलावा स्पाईसजेट, गो फर्स्ट और अकासा के द्वारा भी चुनौती मिल रही है तो इंटरनेशनल रूट्स में सिंगापुर एयर लाइन्स एमिरेट्स और कतर एयरलाइंस से भी चुनौती मिल रही है। दरअसल कतर एयरवेज, सिंगापुर एयरलाइंस, एमिरेट्स, जापान एयरलाइंस, एयर फ्रांस आदि के सामने हमारी कोई भी एयरलाइंस खड़ी भी नहीं होती। आखिर इन्होंने अपने को विश्व स्तरीय बनाने के संबंध में क्यों नहीं सोचा? इस सवाल पर एविएशन सेक्टर के सभी जानकारों को सोचना होगा। सच तो यह है कि हमारी एयरलाइंसों में यात्रा करने वालों को अभी भी कोई बहुत सुखद अनुभव नहीं होता। कभी विमान में कायदे का भोजन नहीं मिलता तो कभी विमान की सीट पर लगा टीवी काम नहीं कर रहा होता है। देखिए भारत में एक से बढ़कर एक एयरपोर्ट हैं और नए बनते भी जा रहे हैं। अगले साल तक ग्रेटर नोएडा में स्थित जेवर एयरपोर्ट भी बन जाएगा। जेवर एयरपोर्ट में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से 5845 हेक्टेयर जमीन पर बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण के बनने के बाद से ही सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने की संभावना है। जेवर एयरपोर्ट के संचालित होने के बाद राजधानी के आईजीआई एयरपोर्ट पर दबाव कम होना चाहिये। आईजीआई एयरपोर्ट दुनिया का दूसरा सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट बन गया है। अब मात्र अमेरिका का अटलांटा एयरपोर्ट ही भारत के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से आगे है। चूंकि हवाई अड्डों पर मुसाफिरों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है, इसे देखते हुए सरकार नवी मुंबई, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर), मोपा(गोवा) पुरंदर (पुणे), भोगापुरम (विशाखापट्टनम), धोलेरा (अहमदबाद) और हीरासर (राजकोट) में भी नए हवाई अड्डों को मंजूरी दे चुकी है।

## इमरान को बलि का बकरा बनाने की तैयारी

संजीव ठाकुर

**शहबाज** शरीफ के के प्रधानमंत्री बनते ही सर मुड़ाते ही ओले पड़ने वाली बात सार्थक साबित हो चुकी है। प्रधानमंत्री शरीफ के नेतृत्व में 9 पार्टियों ने एकजुट होकर इमरान खान को प्रधानमंत्री के पद से बेदखल जरूर कर दिया,पर प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को एक खस्ताहाल पाकिस्तान ही मिला है। चारों तरफ भुखमरी ,गरीबी, मुद्रा संकट, महंगाई, बेरोजगारी,सेना तथा सरकारी कर्मचारियों का जबरदस्त विरोध ही नई सरकार के हाथ लगा है। शहबाज शरीफ एक समस्या को सुलझाने जाते हैं तो दूसरी बड़ी समस्या सिर्फ उठा कर खड़ी हो जाती है। ऐसे में प्रधानमंत्री शरीफ सिर्फ हाथ में हाथ धरे बैठे रह जाते हैं' मुद्रास्फीति तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बैलेंस को कम करने के लिए सहवाग शरीफ ने पेट्रोल गैस बिजली और आवश्यक वस्तुओं के दाम अचानक बढ़ा दिए,जिससे वहां की पूरी आवाम शाहबाज शरीफ के विरोध में सड़क पर आ गई है, पेट्रोल के दाम अचानक 27% और बिजली प्रति यूनिट 30 प्रतिशत बढ़ाने से जनता में त्राहि-त्राहि और रोष व्याप्त हो गया है' आटा उपलब्ध नहीं है प्याज पहुंच से बाहर है रोटी की कीमत 25 से ?35 हो गई है' सरकार के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन और जुलूस निकाले जा रहे हैं, दूसरी तरफ पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लगातार रैलियां कर के आम जनता को प्रधानमंत्री तथा उनकी पार्टी के विरुद्ध भड़काने का काम कर रहे है' ऐसे में सहवास शरीफ की सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए कोर्ट के आदेश से गिरफ्तार करने की तैयारी में है।

# सत्तासीन की दलाली से कर रहा तीरधुमाई गंगू घाट में अवैध खनन

## जड़ काटे बिना नहीं बन्द होगा अवैध खनन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में अवैध खनन की जड़ जितेन्द्र दुबे नाम का एक दबंग है। जल-जंगल और जमीन का अवैध दोहन कर अल्प कालखण्ड में ये दबंग करोड़ों में खेलने लगा है। कल तक मुफलिसी में जीने वाला सत्ता से जुड़े लोगों की दलाली कर टाटा सफारी जैसी लग्जरी गाड़ियों में चल रहा है। इससे अपराध को बढ़ावा मिल रहा है। एचआरएलएन ने अल्प समय में दौलतमंद बने लोगों की खुफिया विभाग से जांच की मांग की है। रविवार को जिले में अवैध खनन में लिप्त व्यक्ति का खुलासा हुआ है। बताया गया कि तीरधुमाई गंगू घाट पर चल रहे बालू खदान की देखरेख ये दबंग कर रहा है। तीरधुमाई गंगू बालू खदान घाट का ठेका लेकर अवैध खनन करा रहा है। अवैध खनन में लिप्त इस दबंग पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये तो अन्य लोग स्वतः इस गोरखधन्धे से खुद को अलग कर लेंगे। ये दबंग किस्म का व्यक्ति यहां कुछ लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर रूतबा गालिब करता है। सत्ता से जुडे लोगों की आड में धीरे-धीरे उसने जिले में नाजायज कार्यों को करने का रैकेट खड़ा कर लिया। देखते-देखते वह खनन के अवैध कारोबार से ऐसा जुड़ा कि अन्य दबंग बालू माफियाओं को भी टक्कर देने लगा।

कल तक जिनके बूते उसने रैकेट खड़ा किया था। सत्ता में बैठे कुछ लोगों की दलाली कर उन्हें भी आंखें दिखाने लगा।

जिले में अवैध बालू खनन सर्वाधिक तीरधुमाई गंगू घाट में हो रहा है। जाहिर है कि अवैध खनन की ये यहां जड़ बन चुका है। ऐसे में एकाध स्थानों पर छापामारी कर छिटपुट लोगों को पकड़ने से अवैध खनन कभी बन्द होने वाला नहीं है, जब तक जड़ पर सख्ती से हमला कर कार्रवाई न की जायेगी। एचआरएलएन के जिला संयोजक रूद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि ऐसे सभी उन नये बने दौलतमंदों की सम्पत्ति की आर्थिक अपराध अनुसंधान विभाग से जांच कराकर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि आर्थिक अपराध की ओर अन्य कोई साहस न कर सके।

## फटाफट खबरें

### कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में चला स्वच्छता अभियान



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 57वें अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन जारी है। स्वच्छ भारत मिशन के ईओ लालजी ने कहा कि आज के समय में सफाई से रहना सबको पसंद है। स्वच्छता जीवन के लिए बहुत जरूरी है। घर में ही साफ-सफाई रखना जरूरी नहीं है, अपने आसपास भी सफाई रखी जाये।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका के राकेश केशरवानी ने बताया कि कुछ लोग कामदगिरि परिक्रमा को नियमित गन्दा करते हैं। ऐसे लोगों को कई बार मौखिक रुप से मना किया, लेकिन कुछ लोग नहीं मानते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाये। जनजागरूकता के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान से स्वच्छता देश में ही नहीं, हर ओर खुशहाली आयेगी। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता का उद्देश्य आसपास की सफाई करना नहीं है, बल्कि लोगों को सहभागिता से अधिक अभियान के प्रति प्रेरित करना है। आज के अभियान में कृष्णा शुक्ला, राजेन्द्र त्रिपाठी, जितेन्द्र केशरवानी, दीपक द्विवेदी, जानकी कुशवाहा, विनोद व नगर पालिका के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### रामघाट में टीमों ने एहतियातन की पडताल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व एलआईयू सीओ अनुज मिश्र की देखरेख में एएस चेक टीम बांदा व डाग स्क्वायड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम ने फाल्गुन मास की सोमवती अमावस्या मेला के मद्देनजर रामघाट में संदिग्ध वस्तुओं एवं लोगों की जांच की।

रविवार को संयुक्त टीमों ने रामघाट में डाग स्क्वायड की मदद से संदिग्ध वस्तुओं एवं लोगों की सघन जांच की। जांच दौरान फिलहाल टीमों को कोई आपत्तिजनक वस्तु या लोग नहीं मिले। सतर्कता की दृष्टि से ये पडताल की गई। उल्लेखनीय है कि फाल्गुन मास की सोमवती अमावस्या में तीर्थक्षेत्र में लाखों लोग आते हैं। तीर्थक्षेत्र में रामघाट में स्नान कर मत्स्यगयेन्द्रनाथ को जलाभिषेक के बाद श्रद्धालु कामदगिरि की परिक्रमा करते हैं।

श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न पैदा हो, इसके मद्देनजर पुलिस टीमों ने रामघाट व अन्य तीर्थक्षेत्र के स्थानों में सख्ती से जांच पडताल की है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला का मानना है कि ये जांच एहतियातन की जा रही है।

### जानलेवा हमले का आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पहाडी थाने के दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने राजाराम पुत्र शिवगोपाल निवासी कर्वी व रवि यादव पुत्र रामनरेश निवासी देवल के कब्जे से बीस-बीस क्वार्टर देशी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम चालान किया है।

रविवार को एसपी वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पहाडी थाना पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से बीस-बीस क्वार्टर देशी शराब के बरामद किये हैं। टीम में वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय, सिपाही जयप्रकाश विश्वकर्मा व विनोद कुमार शामिल रहे।

इसी क्रम में भरतकूप थाने के दरोगा इमरान खान की टीम ने जानलेवा हमला, मारपीट व गाली-गलौज तथा एससी-एसटी एक्ट के वारंटी रामकेश बडगइया पुत्र रामजियावन निवासी लेउंझा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। टीम में दरोगा इमरान खान के साथ सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।

### सौतेले पिता को स्पेशल जज की अदालत ने सुनाई आजीवन कठोर कारावास की सजा

**सुलतानपुर/अमेठी।** घर में सो रही मासूम किशोरी को ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के आरोपी सौतेले पिता रवि कुमार को स्पेशल जज पाक्सो एक्ट पवन कुमार शर्मा की अदालत ने दोषी करार दिया है। जिसे अदालत ने उम्र भर कठोर कारावास की सजा काटने एवं 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

वहीं इसी अदालत ने दूसरे मामले में इंटर की छात्रा के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी अजय कुमार को दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मालूम हो कि पहले मामले में कूरेभार थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपी रवि कुमार के खिलाफ पांच सितम्बर 2021 की घटना बताते हुए स्थानीय थाने में पीड़िता किशोरी की माँ ने मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक घटना की रात घर के सभी लोग भोजन करने के बाद सो गए थे,तभी रात में अचानक नशे में धुत करीब 53 वर्षीय सौतेला पिता रवि कुमार अपनी 12 वर्षीय बेटी को सोते समय चुपके से उठाकर लेकर चला गया और उसके प्रति अपने गंदे इरादों को व्यक्त करते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां जब उसे खोजने निकली तो अपनी मां से मिलते ही मासूम किशोरी उससे लिपट कर रोते हुए अपने दर्द बयां करने लगी। जिसके बाद पीड़िता की मां ने इस घटना के संबंध में सौतेले पिता रवि कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मिली जानकारी के मुताबिक किशोरी की माँ की पहली शादी सुरेश कुमार नाम के व्यक्ति से हुई थी,जिससे ही पीड़िता पैदा हुई थी।

घटना से करीब पांच वर्ष पहले अपने पूर्व पति सुरेश कुमार को छोड़कर पीड़िता को साथ लेकर उसकी मां आरोपी रवि कुमार के साथ चली आई थी और रवि कुमार से ही शादी कर इसी के साथ रह रही थी, लेकिन अंदर ही अंदर रवि कुमार पूर्व पति सुरेश से जन्मी किशोरी को अपनी बेटी मानता ही नहीं था और उसके प्रति गलत नीयत रखता था,शायद उसी का नतीजा रहा कि उसने पांच सितंबर 2021 की रात को अपनी घिनौनी सोच के चलते नशे में धुत होकर वारदात को अंजाम दे ही डाला।

# बुंदेली सेना के साथ मुस्लिम भाइयों ने शंकर जी की बारात में बरसाये फूल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** हर-हर महादेव के जयकारों के बीच दूल्हा सरकार राजाधिराज मत्स्यगयेन्द्रनाथ सरकार की बारात निकली। जगह-जगह बारात का स्वागत हुआ। बुंदेली सेना के साथ मुस्लिम भाइयों नें बारात पर फूलो की वर्षा की। रामघाट स्थित मंदिर में पूरी रात अनुष्ठान, चार प्रहर की आरती, भजन संध्या और रतजगा का दौर जारी रहा। मालपुआ से लेकर ठंडई और भांग तक, फल, मेवे से लेकर खीर और हलवा का प्रसाद बांटा गया। राम की नगरी में हर-हर महादेव की गूंज से ऐसा लग रहा था मानों हरि से हर का साक्षात मिलन हो रहा हो।

शनिवार को देर शाम राजाधिराज की बारात धूमधाम से निकली। जबलपुर के बैंड और शहनाई की धुन पर भक्तजन झूमते-नाचते नजर आए। बैंड और शहनाई बारात में चार चांद लगा रहे थे। हांथी, घोड़े, ढोल-ताशों के साथ बाराती इतराते चल रहे थे। रथ में सवार भोलेनाथ की बारात नगर परिक्रमा करते जयपुरिया तिराहे पहुंची। यहां बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह व अंकित पहारिया के साथ मुस्लिम भाइयों में पप्पू खान की अगुवाई में बारात पर फूलों की वर्षा की। जानकीशरण गुप्ता, संजय सोनी, बद्री सिंह प्रधान कर्वी माफी, अतुल सिंह व वीपी पटेल नें 51 किलो पंचमेवा प्रसाद बांटा। जयपुरिया के मैनेजर अनिल अग्रवाल ने फलों से बारात का स्वागत किया। पुराना सीतापुर बस अड्डा में भक्तों ने बारातियों को ठंढई पिलाई। बारात वापस मंदिर पहुंची तो दूल्हे की मौर लगाकर दूल्हा सरकार की महाआरती हुई। रात्रि में एक ओर भजन संध्या का कार्यक्रम मंदिर में भक्ति की बयार बहा रहा था। चार प्रहर की आरती, रतजगा, अनुष्ठान और पूजा पाठ का दौर पूरी रात जारी रहा। मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास और पुजारी विपिन बिहारी ने बारात का नेतृत्व किया। आरती व पूजा पाठ कर विधि विधान से संचालन किया। हजारों की तादाद में बाराती पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, डीआरआई के प्रधान सचिव अभय महाजन, आनंद सिंह पटेल, राहुल गुप्ता, गोलू गुप्ता, धर्मचंद्र गुप्ता, अंकित पटेल, विष्णु गुप्ता समेत गणमान्य लोग व व्यापारी व युवा मौजूद रहे।

## तीरधुमाई गंगू बालू खदान माफिया पर नहीं लग रहा अंकुश, खनन माफियाओं पर नाकाफी है अंकुश, सिंडीकेट से जुड़े लोगों पर कार्रवाई न होने से राजस्व की होती रहेगी क्षति



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में तीरधुमाई गंगू बालू खदान में खनन माफियाओं की पौबारह है। डीएम अभिषेक आनन्द के निर्देश का भी बालू माफियाओं पर कोई असर नहीं हो रहा है। खनन माफिया तिरपाल के नीचे ओवरलोडिंग का खेल खेल रहा है। जिला खनिज अधिकारी व एसडीएम एक जगह खनन बन्द कराते हैं तो माफिया चार अन्य जगहों पर और तेजी से खनन शुरू कर देते हैं। ये सब इलाका पुलिस की मिलीभगत से हो रहा है।

शनिवार को जिले में बालू खनन का जिला खनिज विभाग से तीरधुमाई गंगू घाट का पट्टा है। पट्टे से ज्यादा क्षेत्रफल में खनन माफिया खनन कार्य कर रहा है। ओवरलोडिंग का खेल खनन माफिया बालू लदे ट्रकों में तिरपाल लगाकर ढुलान करा रहा है। एकाध लोग बालू डम्प का परमिट अवश्य लिये हैं, लेकिन जिले में जिस तरह से अन्धाधुंध खनन कर राजस्व को क्षति पहुंचाई जा रही है। उससे जाहिर है कि यहां की कानून व्यवस्था माफियाओं के हाथ में है। माफियाओं के इशारे पर वह सब गोरख धन्धा दिनरात हो रहा है, जिससे गरीब किसान व सामान्य लोग प्रभावित हो रहे हैं।

बालू खनन माफिया पुलिस से साठगांठ कर धड़ल्ले से जेसीबी व पोकलैण्ड मशीनों से खनन कार्य करा रहे हैं। तीरधुमाई गंगू घाट में सर्वाधिक अवैध खनन की शिकायत मिल रही हैं। शिकायत के बाद भी खनन माफिया पर कोई अंकुश नहीं लग रहा है।

ग्रामीणों के विरोध पर खनन माफिया जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। तीरधुमाई गंगू घाट के खनन माफियाओं पर जल्द कानूनी शिकंजा कसा जाये, ताकि अन्य बालू खनन माफियाओं को सबक मिल सके।

### कंटेनर ट्रक-पिकअप की टक्कर में तीन घायल

**मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायतनगर** थाना क्षेत्र के चौकी क्षेत्र बारुन बाजार के चमनगंज बाजार में पेट्रोल पंप के निकट हुई सड़क दुर्घटना में 3 लोग घायल हो गए।सुबह लगभग साढ़े सात बजे कंटेनर ट्रक एवं कैरी पिकअप में आमने सामने की हुई टक्कर में पिकअप सवार मोनू पुत्र प्रदीप निवासी रामनगर फैजाबाद,सुनील पुत्र तुलसीराम निवासी जोगीतारा फैजाबाद तथा ड्राइवर अशोक पांडेय पुत्र रामकरन निवासी चौरे बाजार दुर्घटना में घायल हो गए।स्थानीय लोग एवं बारुन चौकी के हेड कांस्टेबल समीर रंजन ने सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया।

जहां गंभीर रूप से घायल एक युवक को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।

बताते चलें कि अयोध्या-रायबरेली फोरलेन पर कुचेरा से पहले निमार्णाधीन टोल प्लाजा तक दोनों तरफ काली फोरलेन सड़क बनकर पूर्ण होने के बावजूद अनावश्यक रूप से पटखौली बाजार में डायवर्जन लगाया हुआ है।जिसके कारण जिला मुख्यालय की ओर से आने वाली गाड़ियां मजबूरन पटखौली से डायवर्ट होकर दाहिनी ओर पश्चिम पटरी पर चलने लगती हैं और आगे जाकर सामने से आ रही गाड़ियों से दुर्घटना का शिकार होती हैं।

# आप ने बुलडोजर की दी यज्ञवेदी में आहुति

## सरकार को सद्बुद्धि देने की हुई प्रार्थना




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला एवं जिला प्रभारी नरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता व बुन्देलखण्ड महासचिव अंकित सिंह की मौजूदगी में कानपुर देहात कांड के विरोध में जिले में बुलडोजर आहुति यज्ञ तथा नगर निकाय चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई।

रविवार को आम आदमी पार्टी के ट्राफिक चैराहा स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष सतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि कानपुर देहात में मां-बेटी की जलकर हुई मृत्यु के विरोध में पदाधिकारियों ने सांसद संजय सिंह के दिशा-निर्देश पर जिला कार्यालय में श्यामबाबू त्रिपाठी ने मंत्रोच्चारण कर बुलडोजर आहुति यज्ञ किया। मौजूद पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्लास्टिक के बुलडोजर की यज्ञवेदी में आहुति दी। प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि देने को मां मन्दाकिनी व प्रभु कामतानाथ से प्रार्थना की।

जिलाध्यक्ष सतोषीलाल शुक्ल ने कहा कि कानपुर देहात की घटना दिल को दहलाने वाली है। बुलडोजर गरीबों की झोपडी में चलाया गया। इससे मां-बेटी की आग में जलकर मौत हो गई। आम आदमी पार्टी ने मांग उठाई कि पीडित परिवार के दोनों बच्चों को सरकारी नौकरी व एक करोड रुपये की सहायता राशि दी जाये। दोषियों को उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच कराकर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाकर दंडित किया जाये। यज्ञ एवं बैठक में प्रेमचन्द्र सिंह पटेल, दिलीप सिंह पटेल, नर्मदा प्रसाद यादव, लवलेश केशरवानी, बच्चाराम बौद्ध, राजबहादुर साहू, रामबाबू विश्वकर्मा, अजय कुमार, शिवप्रकाश सिंह, शिव सिंह, विनोद कुमार, चन्द्रशेखर, योगेन्द्र रैकवार, सूरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### बिजली बिल बकाये में कनेक्शन काटने पर हमला

**अयोध्या।** अभियान के तहत बकाया बिजली बिल की वसूली को निकले टीम पर शुक्रवार की दोपहर कैंट थाना क्षेत्र के ताजपुर कोड़रा में हमला किया गया। हमले में संविदा कर्मियों को चोटे आई हैं। अधिकारियों के साथ थाने पहुंच पीड़ित संविदा कर्मियों ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए शिकायत पुलिस को सौंपी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में संविदा कर्मी प्रेम प्रकाश, जगप्रसाद, सूरज श्रीवास्तव व धर्मेंद्र का आरोप है कि अधिकारियों के निर्देश पर वह राजस्व वसूली कर रहे थे। सभी जब्बार अहमद के घर के पास खड़े थे तभी बकाये के चलते पूर्व में काटे गए कनेक्शन के चलते मो. अशफाक उर्फ कल्लू, उनके पुत्र मो. अरबान उर्फ राजा, मो. सैफ अली, मो. अफजल, अख्तरी बानो ने लाठी-डंडा, फरसा-बल्लम से लैस होकर गाली-गलौज शुरू कर दी और हमला बोल दिया। हमले में प्रेम प्रकाश व जगप्रसाद को सिर एवं हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों के दौड़ने पर हमलावर भाग निकले। वहीं दूसरे पक्ष ने टीम पर मारपीट व मोबाइल तोड़ने का आरोप लगाया है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि एक पक्ष की शिकायत कैंट पुलिस को मिली है। शिकायत दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई का दिया गया है।

### मांगो को लेकर मनरेगा मजूदरों ने किया प्रदर्शन

**अयोध्या।** मनरेगा मजदूर कल्याण मिशन अयोध्या इकाई के पदाधिकारियों ने सिविल लाइन तहसील स्थित तिकोनिया पार्क में अपनी कई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जिलाध्यक्ष अशफीर्लाल वर्मा के नेतृत्व में 2 दर्जन से अधिक कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया।

# निखत से पूछताछ का आखिरी दिन, आज फिर जायेगी जेल

## एसपी की मौजूदगी में बनारस टीम ने भी की पूछताछ



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जेल मिलन कांड मामले में विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो व चालक नियाज को पुलिस ने तीन दिन की रिमांड पर लिया था। निखत से पूंछताछ का रविवार को आखिरी दिन है। नियाज से दो दिन और पूंछताछ की जा सकती है। पूंछताछ पूरी होने के बाद निखत को चित्रकूट जेल वापस भेजा जायेगा।

रविवार को पूंछताछ के तीसरे दिन पुलिस लाइन में आने-जाने वाले लोगों पर सख्ती से रोक लगाई गई है। निखत अंसारी के पूंछताछ का आज आखिरी दिन है। पुलिस लाइन परिसर में रहने वालों और आने-जाने वालों को रजिस्टर में अंकित किया जा रहा है। कई स्थानों पर निगरानी को पुलिस लगाई गई है। बिना अनुमति के किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा। रविवार को एसटीएफ की टीम भी पूंछताछ के लिए पुलिस लाइन आ गई है।

एसटीएफ के साथ जिले की एसपी और बनारस से आई टीम सवेरे दस बजे से पुलिस लाइन स्थित गेस्ट हाउस पहुंचकर निखत से पूंछताछ कर रही हैं। शनिवार को पूंछताछ दौरान निखत की तबियत खराब हो गई थी। इससे दो घंटे तक पूंछताछ बाधित रही। रविवार शाम तक पूंछताछ के बाद निखत का मेडिकल परीक्षण कराकर उसे जिला चित्रकूट जेल भेजा जायेगा। निखत के ड्राइवर से अभी दो दिन तक पूंछताछ और की जायेगी। इसके बाद पुलिस उसे भी जेल में भेज देगी। तीसरे दिन पूंछताछ में कई लोगों के नाम सामने आये हैं। पुलिस टीम जिनके नाम सामने आये हैं, उनसे भी पूंछताछ कर सकती है।

## तुर्किये में भूकंप से फिर डोली धरती, तीव्रता 5.2

**अंकारा।** भूकंप से तबाही की मार झेल रहे तुर्किये में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए । मध्य तुर्किये क्षेत्र में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। यूरोपीय भू-मध्यसागरीय सीस्मोलॉजिकल



सेंटर के अनुसार भूकंप 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर था। ताजा भूकंप से किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि तुर्किये और सीरिया में बीते दिनों आए भूकंप से मरने वालों का आकंडा 45000 पार कर गया है। अकेले तुर्किये में करीब 2,64,000 अपार्टमेंट जमींदोज हो चुके हैं। इनमें रहने वाले लाखों लोगों में से तमाम लोग गए हैं या घायल हैं या फिर लापता हैं। लाखों लोगों की जान तो बच गई है लेकिन उनका सब कुछ खत्म हो गया है। वे बेघरवार होकर भीषण ठंड में मामूली सुविधाओं के सहारे दिन काट रहे हैं।

## अमेरिका ने चीन को 'संप्रभुता' पर चेतावनी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन को संप्रभुता के मुद्दे पर कठोर शब्दों में चेताया है। चीन के अमेरिकी हवाई क्षेत्र में कथित जासूसी गुब्बारे भेजने से दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट आई है। ऐसे हालात में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपने समकक्ष चीन के वांग यी से मुलाकात की। ब्लिंकन ने चीन के विदेश मंत्री के समकक्ष अमेरिकी संप्रभुता के 'अस्वीकार्य' उल्लंघन का मुद्दा उठाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यूक्रेन युद्ध में रूस को मदद पहुंचाने में चीन पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर यह मुलाकात हुई। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा है कि हमारे विदेशमंत्री ने चीन के विदेशमंत्री से अमेरिकी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून के अस्वीकार्य उल्लंघन को लेकर सीधी बात की। ब्लिंकन ने कहा कि इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकत दोबारा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा-'ब्लिंकन ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका अपनी संप्रभुता का कोई भी उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेगा चीन बनेकाब हो चुका है। उसने पांच महाद्वीपों के 40 से अधिक देशों के हवाई क्षेत्रों में अतिक्रमण किया है।'



## इस्राइल ने सीरिया के दमिश्क में किया हवाई हमला, नागरिकों समेत 15 की मौत

**दमिश्क।** इस्राइल की सेना ने रात विनाश्कारी भूकंप से प्रभावित सीरिया की राजधानी दमिश्क में हवाई हमला किया। मानवाधिकार संस्थान सीरियन ऑब्जर्वेटरी के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि इस हमले में आम नागरिकों सहित कम से कम 15 लोग मारे गए। बताया गया कि एयर स्ट्राइक में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया गया। सीरिया की सरकारी के मुताबिक, दमिश्क में स्थानीय समयानुसार रात लगभग 12:30 बजे जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। इस हमले में कई आवासीय भवन नष्ट हो गए हैं। मरने वालों में सैनिक भी शामिल हैं, जबकि 15 नागरिक घायल हुए हैं। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में ईरानी मिलिशिया और लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्ला से जुड़े स्थलों और ईरान के एक स्कूल को निशाना बनाकर किए गए हमलों में एक महिला सहित 15 लोग मारे गए। हालांकि, इस्राइल की ओर से हवाई हमले पर अभी कोई बयान नहीं आया है। इजराइल हवाई हमले के जरिए दमिश्क के आसपास के क्षेत्रों को अक्सर निशाना बनाता रहा है। तुर्की और सीरिया में छह फरवरी को आए विनाशकारी 7.8 तीव्रता के भूकंप के बाद यह पहला हमला है। इससे पहले सीरिया में भूकंप के बीच होम्स में आतंकी हमला हुआ, जिसमें 53 लोगों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने इस हमले में आईएस को जिम्मेदार ठहराया है।

## जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री के सामने उठाया हिंदू धर्मस्थलों पर हमले का मामला

**भारतीय विदेश मंत्री ने भेंट किया रोहित शर्मा के हस्ताक्षर वाला बल्ला**

**-ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री ने जयशंकर का नाम लिखी टी-शर्ट भेंट की**

**सिडनी।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग के सामने ऑस्ट्रेलिया में हिंदू धर्मस्थलों पर हमले का मामला उठाया है। अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान भारतीय विदेश मंत्री ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष से हिंदू मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की। ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर हमले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया यात्रा पर पहुंचे तो उनके सामने भी यह मसला उठा। जयशंकर ने




ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात के दौरान यह मसला उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय को निशाना बनाकर की जा रही कट्टरपंथियों की हरकतों को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जानी चाहिए। दोनों नेताओं के बीच जी-20 समूह की गतिविधियों, क्वॉड समूह के कार्यक्रमों और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा हुई। दोनों देशों के पड़ोसियों से रिश्ते भी विचार विमर्श में शामिल रहे। भारत व ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने पर बल दिया। भारतीय विदेश मंत्री ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के हस्ताक्षर वाला बल्ला उपहार के रूप में दिया। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री ने भारतीय विदेश मंत्री को उनका नाम लिखी टी-शर्ट भेंट की।

दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री ने ट्वीट कर लिखा कि भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण व गंभीर है।

हम पूरे क्षेत्र को स्थायित्व व क्षेत्रीय संप्रभुता की रक्षा के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं।

## पूर्व राजा को राजनीतिक मंच पर लाने वाले सीपीएन-यूएमएल नेता दुर्गा परसाई को पार्टी से निकालने की तैयारी

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को राजनीतिक मंच पर लाने वाले केंद्रीय सदस्य दुर्गा परसाई के खिलाफ सीपीएन-यूएमएल ने कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है। यूएमएल की राज्य-1 समिति के अध्यक्ष तुलसी न्यौपाने ने बिराटनगर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने केंद्रीय समिति से कार्रवाई की सिफारिश की है।13 फरवरी को परसाई ने नेपाल के पूर्वी जिले झापा में हिंदू राष्ट्र और राजशाही को स्थापित करने के लिए एक अभियान शुरू किया था। उसी मंच पर पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह, पुत्र पारस, पुत्री प्रेरणा सहित राजपरिवार के सदस्य नजर आए। विपक्ष इस बात को लेकर सवाल उठा रहा है कि सीपीएन यूएमएल के केंद्रीय सदस्य पूर्व राजा को पहली बार राजनीतिक मंच पर बुलाकर उन्हें और उनके मुद्दे को हवा दे रही है। सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के गृह जिले में पूर्व राजा को मंच पर बैठाकर परसाई ने कार्यक्रम किया था। इस बात को लेकर दिलचस्पी और बढ़ गई है।



## उत्तर कोरिया ने दागी अब तक की सबसे ताकतवर मिसाइल

**प्योंग्यांग/ सियोल।** उत्तर कोरिया ने अब तक की सबसे ताकतवर मिसाइल दाग कर अमेरिका सहित पूरी दुनिया को चुनौती दी है। अगले सप्ताह वाशिंगटन में प्रस्तावित अमेरिका-दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास से पहले उत्तर कोरिया ने यह बैलिस्टिक मिसाइल दाग कर चौंका दिया है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर में एक अज्ञात बैलिस्टिक मिसाइल दागी। जापान के तटरक्षक बल ने भी यह कहा कि उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। इस पूर्वी सागर को जापान सागर के नाम से जाना जाता है। इस प्रक्षेपण से एक दिन पहले उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 'अभूतपूर्व' कार्रवाई



करने की धमकी दी थी। उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई यह मिसाइल अब तक की सबसे ताकतवर मिसाइल बताई गयी है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्हें उत्तर प्योंगान प्रांत के तोंगचांग-आरआई इलाके से स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजकर 13 मिनट से दोपहर 12 बजकर पांच मिनट के बीच प्रक्षेपण का पता चला। मिसाइलों को स्टीप एंगल से दागा गया और उन्होंने लगभग 500 किलोमीटर की दूरी तय की। दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के खुफिया अधिकारी उत्तर कोरिया की हालिया मिसाइल गतिविधियों के संबंध में अन्य विवरणों के लिए विश्लेषण कर रहे हैं।

## ऋषि सुनक ने कहा- यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता दोगुनी करने का समय

**म्यूनिख।** यूक्रेन पर रूस के हमले के करीब एक साल होने वाले हैं, वहां के हालात को देखते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सुनक ने विश्व के नेताओं से यूक्रेन सैन्य सहायता दोगुनी करने की अपील की है। उन्होंने शनिवार को कहा कि अतिरिक्त हथियार एवं सुरक्षा गारंटी अभी युद्ध की विभीषिका झेल रहे इस देश को और भविष्य में शेष यूरोप को रूसी आक्रमण से बचाने के लिए जरूरी है।

सुनक ने राष्ट्राध्यक्षों, रक्षा मंत्रियों और विश्व के अन्य नेताओं की वार्षिक बैठक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में यह संदेश दिया। इस साल के सम्मेलन में, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के साल भर बाद अंतरराष्ट्रीय संबंधों के स्वीकार्य नियमों को खतरे पर चर्चा की जाएगी।युद्धक टैंक, अत्याधुनिक



वायु रक्षा प्रणालियां और लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें यूक्रेन को मुहैया करने की ब्रिटेन की हालिया प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए सुनक ने वसंत के मौसम में रूस के संभावित हमले से पहले राष्ट्रों से सहयोग बढ़ाने की अपील की।

सुनक ने कहा कि अब हमारी सैन्य सहायता दोगुनी करने का वक्त आ गया है।

उन्होंने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) से भी यूक्रेन के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा गारंटी मुहैया करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री पद पर पांच साल तक बने रहने की जुगत में प्रचंड

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' राष्ट्रपति पद के मुद्दे को राजनीतिक लेनदेन का जरिया बना कर पांच साल तक अपनी कुर्सी सुरक्षित करने की जुगत में हैं। राष्ट्रपति पद के मुद्दे पर सत्तारूढ़ गठबंधन के घटकदलों में जारी विवाद को वह अपने पक्ष में भुनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। उनकी पूरी कोशिश है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले कोई ऐसा समझौता कर लिया जाए जिससे प्रधानमंत्री की कुर्सी पूरे पांच साल के लिए सुरक्षित हो जाए।

पिछले साल हुए नेपाल के संसदीय चुनाव के बाद सीपीएन (एमसी) के नेता प्रचंड ने सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के साथ 25 दिसंबर को एक समझौता किया था। इसके तहत प्रधानमंत्री का पद प्रचंड को मिला और राष्ट्रपति एवं प्रतिनिधिसभा के स्पीकर का पद सीपीएन (यूएमएल) को मिलना तय हुआ था। सरकार गठन के बाद स्पीकर पद सीपीएन (यूएमएल) को मिला भी, लेकिन राष्ट्रपति का पद वह देने को तैयार नहीं हैं। प्रचंड का कहना है कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार राष्ट्रीय आम सहमति से तय किया जाना चाहिए।

वहीं, केपी शर्मा ओली का कहना है कि राष्ट्रपति पद का फैसला 25 दिसंबर के समझौते के मुताबिक होना चाहिए। शुक्रवार को प्रचंड और ओली के बीच हुई मुलाकात के दौरान भी यही मुद्दा उठा था। हालांकि, बैठक के बाद प्रचंड ने राष्ट्रीय सहमति पर जोर दिया। उनका इशारा सीपीएन (यूएमएल) को राष्ट्रपति पद नहीं देने का है।

मुख्य विपक्षी नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. प्र श शरण महत का दावा है कि सीपीएन (एमसी) राष्ट्रपति पद के लिए उनकी पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन करेगी। उनका कहना है कि हमें समर्थन मिलने की उम्मीद है और हमारा उम्मीदवार चुनाव जीतेगा। इससे इस चर्चा की भी पुष्टि होती है कि



नेपाली कांग्रेस का प्रचंड के साथ गुप्त समझौता हो गया है। डॉ. महत ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह प्रधानमंत्री पद पर प्रचंड का समर्थन करते रहेंगे।

इसी बीच, सीपीएन (यूएमएल) के प्रवक्ता पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत के दौरान इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि प्रचंड की पार्टी ने नेपाली कांग्रेस के साथ राष्ट्रपति पद के लिए कोई समझौता किया है। गुरुंग ने कहा, मुझे संदेह है, लेकिन अगर प्रचंड ने समझौता तोड़ा तो उनके लिए यह आसान नहीं होगा और सत्ता में उथल-पुथल मच जाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि प्रचंड केपी शर्मा ओली से गठबंधन तोड़कर आगे बढ़ने की रणनीति पर भी विचार कर सकते हैं। नेपाली कांग्रेस को राष्ट्रपति पद देकर वह प्रधानमंत्री पद पर पूरे पांच साल तक बने रहना चाहते हैं। कांग्रेस पहले ही प्रचंड को इस आशय का प्रस्ताव दे चुकी है। उल्लेखनीय है कि नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि में विश्वासमत के दौरान प्रचंड को 268 सदस्यों का समर्थन मिला था। मत विभाजन के दौरान 5 सदस्य अनुपस्थित थे, केवल दो वोट विपक्ष में पड़े थे। नेपाली कांग्रेस के उनके पक्ष में आने के बाद प्रचंड के नए कदम की चर्चा जोरशोर से शुरू हो गई थी कि वह राष्ट्रपति पद के लिए नेपाली कांग्रेस का समर्थन करेंगे। हालांकि, सीपीएन (यूएमएल) के प्रवक्ता गुरुंग का कहना है कि अगर सत्ता का संतुलन बिगड़ा तो प्रचंड के लिए और मुश्किल होगी

## अफगानिस्तान से डरा पाकिस्तान! देने लगा आतंकवाद रोकने की सलाह, बिलावल ने जताया यह डर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि यदि अंतरिम अफगान सरकार ने अपने क्षेत्र से संचालित आतंकवादी समूहों से निपटने के लिए 'इच्छाशक्ति और क्षमता' का प्रदर्शन नहीं किया तो आतंकवाद को पाकिस्तान से बाहर अन्य स्थानों पर जाने में अधिक समय नहीं लगेगा। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सहमति से, उनकी सीमाओं के भीतर आतंकवाद से निपटने के लिए कदम उठाने के लिए कहा। उन्होंने



आगे दुनिया के नेताओं से अंतरिम अफगान सरकार के लिए एक स्थायी सेना बनाने में मदद करने के लिए क्षमता निर्माण का रास्ता खोजने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि उनके पास स्थायी सेना नहीं है, न ही आतंकवाद विरोधी बल या यहां तक कि उचित सीमा सुरक्षा भी है। उस स्थिति में, भले ही उनके पास इच्छाशक्ति हो, उनके पास आतंकवादी खतरे से निपटने की क्षमता नहीं है जो एक समस्या है। यह पड़ोसियों और फिर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए खतरा है।

**कार्रवाई नहीं हुई तो पाकिस्तान के बाहर भी पहुंच जाएगा आतंकवादः बिलावल**

बिलावल ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि अगर हम और अंतरिम सरकार इन समूहों को गंभीरता से नहीं लेते हैं और वे आतंकवादी समूहों पर कार्रवाई करने की इच्छा और क्षमता का प्रदर्शन नहीं करते हैं तो वे पहले इस क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों का संचालन करेंगे फिर धीरे-धीरे पाकिस्तान के बाहर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि काबुल में अमेरिकी सेना के जाने के बाद आतंकी गतिविधि और बढ़ गई है। लेकिन अब इसके कहीं और पहुंचने में देर नहीं लगेगी।

**पाकिस्तान, अफगानिस्तान पर आक्रमण नहीं करना चाहताः बिलावल**

बिलावल ने कहा कि आतंकवादियों से निपटने और मेरी सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए अफगान अधिकारियों को समझाने में मेरा काफी समय लगता है। विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान पर आक्रमण नहीं करना चाहता है और उनके पीछे जाकर अतीत की गलतियों को नहीं दोहराना चाहता है इसलिए सबसे अच्छा परिदृश्य अफगानिस्तान में संबंधित कानून लागू करने वाली संस्थाओं के कार्यात्मक होने का था।

## वाह रे पाकिस्तान!: मदद के नाम पर तुर्किये से भद्दा मजाक! बाढ़ में मिली जो राहत सामग्री, उसे ही वापस भेज दिया

**इस्लामाबाद।** हिंदी में एक कहावत है- 'घर में नहीं दाने अम्मा चलीं भुनाने'। यह कहावत इन दिनों पड़ोसी पाकिस्तान पर सटीक बैठती है, जो खुद तो गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। दाने-दाने को मोहताज है, लेकिन अपनी झूठी शान दिखाने में वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। दरअसल, विदेशी कर्ज और फंड की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने अन्य देशों की देखादेखी भूकंप प्रभावित तुर्किये को राहत सामग्री तो भेज दी, लेकिन अब उस राहत सामग्री को लेकर जो खुलासा हुआ है, उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को एक बार फिर से शर्मसार कर दिया है।

**तुर्किये को भेज दी उसकी ही राहत सामग्री**

भूकंप की तबाही से जूझ रहे तुर्किये को पाकिस्तान ने राहत सामग्री भेजी है। इसमें 21 कंटेनर भेजे गए हैं, जिसमें विंटराज्ड टेंट, कंबल व अन्य आवश्यक सामान शामिल है। जब इस राहत सामग्री को खोल कर भेजा गया तो पता चला यह सामान पाकिस्तान को



तुर्किये की तरफ से ही भेजा गया था। दरअसल, बीते दिनों पाकिस्तान में आई बाढ़ के बाद तुर्किये ने उसे राहत सामग्री भेजी थी, जिसे दोबारा से पैक करके पाकिस्तान ने तुर्किये को भेज दिया।

**दरअसल, विदेशी कर्ज और फंड की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने अन्य देशों की देखादेखी भूकंप प्रभावित तुर्किये को राहत सामग्री तो भेज दी, लेकिन अब उस राहत सामग्री को लेकर जो खुलासा हुआ है, उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को एक बार फिर से शर्मसार कर दिया है।**

**तुर्किये के सामान पर लगा दी अपनी मुहर**

पाकिस्तान के सीनियर जर्नलिस्ट शाहिर मंजूर ने एक समाचार चैनल में यह दावा किया है। उन्होंने कहा है कि इस्लामाबाद से अंकारा भेजी गई राहत सामग्री वास्तव में वही है, जो पिछले साल बाढ़ के बाद तुर्किये ने पाकिसतान को भेजी थी। उन्होंने टीवी डिबेट के दौरान कहा, राहत सामग्री पर पाकिस्तान सरकार का टैग लगा हुआ है, लेकिन वहां की जनता ने जब उसे खोल कर देखा तो उस पर लिखा हुआ था 'तुर्किये की तरफ से मोहब्बत के साथ...'

**जबरन अंकारा भी पहुंच गए शहबाज शरीफ**

दूसरी तरफ, बाढ़ की त्रासदी झेल रहे तुर्किये की मनाही के बावजूद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री दो दिन पहले अंकारा पहुंच गए, जहां उन्होंने तुर्किये के राष्ट्रपति से मुलाकात की।

बता दें, जब तुर्किये में विनाशकारी भूकंप आया तो उसके तुरंत बाद शहबाज शरीफ ने प्रभावित देश के दौरे का एलान कर दिया, जिसके बाद तुर्किये की ओर से कहा गया कि उसका प्रशासन देश को बाढ़ से निकालने में व्यस्त है। ऐसे में वह किसी दूसरे देश के प्रधानमंत्री की मेजबानी नहीं कर सकता है।

## जी-20 एफएमसीबीजी की पहली बैठक 24-25 फरवरी को बेंगलुरु में होगी आयोजित

**नई दिल्ली।** भारत की जी-20 अध्यक्षता में जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की पहली बैठक 24-25 फरवरी को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर डॉ. शक्तिकांत दास संयुक्त रूप से इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक एफएमसीबीजी की पहली बैठक 24 से 25 फरवरी तक कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। इस बैठक से पहले जी-20 एफएमसीबीजी की बैठक 22 फरवरी जी-20 के वित्त और केंद्रीय बैंक के प्रतिनिधियों (एफसीबीडी) की बैठक होगी, जिसकी सह-अध्यक्षता वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल डी पात्रा करेंगे। जी-20 एफसीबीडी की बैठक का उद्घाटन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्य और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर करेंगे। भारत की अध्यक्षता में जी-20 एफएमसीबीजी की पहली बैठक में जी-20 सदस्यों के वित्त मंत्रियों, केंद्रीय बैंक के गवर्नरों एवं आमंत्रित सदस्यों सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों सहित लगभग 72 से अधिक प्रतिनिधिमंडल बैठक में भाग लेंगे। जी-20 एफएमसीबीजी की बैठक में चर्चा का उद्देश्य वर्ष 2023 में जी-20 वित्तीय ट्रैक के विभिन्न कार्य प्रवाहों के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदान करना है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।